रोहतक

शुक्रवार, 12 जनवरी 2024

पौष मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 27, अंक : 351
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 15.2
न्यून. 5.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com









# मोदी सरकार की गारंटी

जन-जन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

हमारा संकल्प विकसित भारत

1.6 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध





DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
₹58100/-
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market
New Delhi - 110024, Ph: 47284728


# सूबे में जमा पाला, जमाव बिंदू के करीब पहुंचा पारा

## रेवाड़ी में रात का तापमान एक डिग्री पर आया शीतलहर ने कंपकंपाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/हिसार/नारनौल

प्रदेश के कई जिलों में सुबह के समय कोहरा छाया रहा। बर्फीली हवाओं ने जनजीवन अस्त-व्यस्त करके रख दिया। दिनभर कई जिलों में धूप खिलने के बाद भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली। तापमान में तेजी से गिरावट आनी शुरू हो गई है। पारा जमाव बिंदू की ओर खिसक रहा है। इसके कारण गुरुवार को खेतों में फसलों पर पाला जम गया। रेवाड़ी प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां रात का न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, महेंद्रगढ़ में 1.2 डिग्री, नारनौल में 2.5 डिग्री और फतेहाबाद में पारा 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी के वैज्ञानिकों ने 12 जनवरी के लिए अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल तथा करनाल के लिए ऑरेंट अलर्ट जारी किया है। इन जिलों घना कोहरा व कोल्ड-डे की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, शुक्रवार को पंचकूला, महेंद्रगढ़, यमुनानगर, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, हिसार, फतेहाबाद, जींद, भिवानी व चरखीदादरी के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान शीत लहर चलेगी। धुंध छाई रहेगी।



रेवाड़ी में जमा पाला

### बर्फीली हवाओं ने ठिठुराया

- सुबह के समय कई जिलों में छाया घना कोहरा
- न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक गिरा, छूटी कंपकंपी
- महेंद्रगढ़ में रात्रि परा 1.2, नारनौल में 2.5, फतेहाबाद में 2.7 डिग्री रहा
- 13 व 14 जनवरी को बादल छाएंगे
- पाले से सब्जी व अगेती सरसों को नुकसान की आशंका
- गेहूं की फसल में पीला रतुआ रोग की शिकायत

### लगातार गिर रहा पारा

प्रदेश के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सुबह खेतों में फसलों पर पाला जम गया। इससे सब्जियों और सरसों की अगेती फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 1 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। रेवाड़ी में इस सीजन में 1 डिग्री सेल्सियस तापमान पहली बार दर्ज किया गया है। गत वर्ष एक जनवरी को यहां न्यूनतम तापमान माइनस 1 डिग्री तक आ गया था, जबकि 11 जनवरी 2023 को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस था।

### जन जीवन प्रभावित

प्रदेश में एक बार फिर घने कोहरे ने दस्तक दे दी है। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की गति काफी धीमी रही। दृश्यता 10 से 60 मीटर तक दर्ज की गई। कई जिलों में 10 बजे तक कोहरा छाया रहा। दिन में सूर्यदेव ने भी दर्शन दिए, लेकिन शाम होते ही फिर कोहरे ने दस्तक दी। इसका असर रेल और सड़क यातायात पर भी पड़ा है। रेवाड़ी के रास्ते चलने वाली कुछ ट्रेनें सुबह के समय 15 से 20 मिनट देरी से चली। रोडवेज बसों पर भी धुंध का असर दिखाई दिया। इस ठंड में खांसी और जुकाम के मरीज भी बढ़ने लगे हैं। अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है।

### आगे क्या

मौसम विभाग के अनुसार 15 जनवरी तक मौसम खुश्क रहेगा। 13 से 14 जनवरी को हल्के बादल छा सकते हैं। इस दौरान हल्की गति से उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने की संभावना है। इससे दिन के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में गिरावट आएगी। ज्यादातर इलाकों में सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा। इस दौरान ठंड खूब सताएगी।

*-डॉ मदन खीचड़, विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग, हकृवि*

## हसीना ने 5वीं बार बांग्लादेश की पीएम के रूप में शपथ ली



**ढाका (भाषा)।** अवामी लीग नेता शेख हसीना ने 5वीं बार बांग्लादेश की प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। रविवार को हुए चुनाव में अवामी लीग को बड़ी जीत मिली है। कुल 299 सीटों में से अवामी लीग ने 222 सीटें जीतीं। दूसरे बड़े राजनीतिक दल जातीय पार्टी को सिर्फ 11 सीटें मिलीं। 65 सीटों पर इंडिपेंडेंट कैंडिडेट जीते हैं। बांग्लादेश में सरकार बनाने के लिए 151 सीटों की जरूरत होती है।

**बब्बर खालसा और लॉरेंस गैंग पर शिकंजा**

# सोनीपत, पलवल, झज्जर और फतेहाबाद में एनआईए के छापे

- सोनीपत में अंकित सेरसा और प्रियवर्त फौजी के घर जांच
- अंकित के पिता से पूछा कि क्या उसकी बात बेटे से होती है

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने देशभर में 5 राज्यों में 32 स्थानों पर प्रतिबंधित बब्बर खालासा इंटरनेशनल और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापे मारे। प्रदेश के चार जिलों फतेहाबाद, सोनीपत, पलवल, झज्जर में भी छापेमारी की। एनआईए टीम सोनीपत में मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपित और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर अंकित सेरसा और प्रियव्रत फौजी के घर पहुंची। उनके घर खंगालने के साथ परिवार वालों से पूछताछ की। टीम ने अंकित के पिता जगबीर से पूछा कि क्या अंकित से अब भी बात होती है या नहीं। वहीं, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और चंडीगढ़ में 32 स्थानों पर छापेमारी कर 2 पिस्तौल, 2 मैगजीन और गोला-बारूद व 4.60 लाख रुपये बरामद किए हैं।

### यहां छापेमारी

**फतेहाबाद:** एनआईए की टीम ने गांव भिरडाना में पवन के घर जांच पड़ताल की। परिजनों से गहनता से पूछताछ की और यह जानने का प्रयास किया कि कहीं परिवार लॉरेंस गैंग से किसी प्रकार से टच में है या नहीं।

**पलवल:** गांव करमन में सरपंच के घर एनआईए ने जांच की। सरपंच सरोज के देवर अनिल के बंबीहा गैंग के गैंगस्टर नीरज फिरोजपुरिया से संबंध बताए जा रहे हैं।

**झज्जर:** सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में झज्जर के गांव बेरी के रहने वाले कुलदीप उर्फ कशिश के घर पर भी एनआईए की टीम ने छापेमारी की। करीब एक घंटा परिवार के लोगों से पूछताछ की गई।

**पंजाब:** बठिंडा में गैंगस्टर हैरी मौड़ के घर एनआईए की रेड हुई। इस दौरान किसी को घर में आने-जाने नहीं दिया।

**केंद्र ने जारी किया स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 का परिणाम**

# रोहतक-गोहाना सबसे साफ सुथरे शहर, आदमपुर पिछड़ा

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** शहरी एवं आवास मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया। एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में 7वीं बार इंदौर पहले स्थान पर रहा। सूरत को भी इंदौर के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला। इस बार हरियाणा को देश में 14वां स्थान मिला है। सर्वेक्षण में हरियाणा का ओवरऑल स्कोर 1958.01 रहा। क्लीन सिटी में स्टेट लेवल में रोहतक-गोहाना को पहला रैंक मिला। सीएम सिटी करनाल और कालका दूसरे स्थान पर रहे। स्वच्छता मामले में रोहतक ने गुरुग्राम को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। रोहतक को प्रदेश में पहला व राष्ट्रीय स्तर पर 109वां रैंक मिला है। हालांकि रोहतक को पिछले साल 38वां रैंक मिला था। प्रदेश में पुन्हाना और आदमपुर इस सूची में आखिर स्थान पर हैं।

**सोनीपत 12वें स्थान पर:** सोनीपत नगर निगम को प्रदेश में 12वां स्थान मिला है। वहीं देशभर में 260वां स्थान प्राप्त किया है, जो पिछले वर्ष की रैंकिंग से 21 पायदान नीचे है। एक साल पहले स्वच्छता रैंकिंग में सोनीपत ने 239वां स्थान प्राप्त किया था।

**5 जनवरी को मिला एक स्टार:** पांच जनवरी को कूड़ा मुक्त शहरों की सूची में सोनीपत को एक स्टार रेटिंग का तमगा दिया गया था। दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने इन राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। (पेज-7 भी देखें)

### किसे कौन सा रैंक

| शहर | स्टेट | नेशनल |
|---|---|---|
| रोहतक | 01 | 109 |
| गोहाना | 01 | 1071 |
| करनाल | 02 | 115 |
| कालका | 02 | 1106 |
| पंचकूला | 03 | 139 |
| गुरुग्राम | 04 | 140 |
| बहादुरगढ़ | 05 | 174 |
| पानीपत | 06 | 184 |
| फतेहाबाद | 06 | 1372 |
| हिसार | 07 | 194 |
| अंबाला | 08 | 205 |
| यमुनानगर | 09 | 221 |
| सोहना | 10 | 1536 |
| रेवाड़ी | 11 | 258 |
| सोनीपत | 12 | 260 |
| पलवल | 13 | 266 |
| सिरसा | 14 | 269 |
| भिवानी | 16 | 302 |
| पुन्हाना | 68 | 3857 |
| आदमपुर | 69 | 3864 |

## प्रधानमंत्री मोदी आज अटल सेतु का उद्घाटन करेंगे



यह देश का सबसे लंबा समुद्री ब्रिज

**मुंबई(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को मुंबई में देश के सबसे लंबे समुद्री ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। 21.8 किलोमीटर ब्रिज का नाम अटल सेतु रखा गया है। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे शामिल होंगे। इस ब्रिज पर वाहनों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। मुंबई पुलिस ने बताया कि फोर-व्हीलर, मिनी बस और टू-एक्सेल व्हीकल की मैक्सिमम स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। ब्रिज की चढ़ाई व उतार पर स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा नहीं होगी। वहीं, बाइक, मोपेड, तिपहिया वाहन, ऑटो और ट्रैक्टर को इस ब्रिज पर प्रवेश नहीं मिलेगा।

## मणिपुर में फिर हिंसा, मैतेई समाज के 3 लोगों की हत्या

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के बिष्णुपुर में गुरुवार को पुलिस ने तीन लोगों के शव बरामद किए। ये सभी मैतेई समुदाय के हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कुंबी हाओटक इलाके में चार लोग लकड़ी इकट्ठा करने जंगल गए थे। उसके बाद से वापस नहीं लौटे। लापता लोगों के नाम ओइनाम रोमेन, अहनथेम दारा, थौदम इबोम्चा और थौदम आनंद बताए गए हैं। ये सभी अकासोई वार्ड नंबर 7 के रहने वाले हैं। जो शव मिले हैं, वे लापता चार लोगों में से ही तीन के हैं। एक की तलाश जारी है। सूत्रों का कहना है कुकी उपद्रवियों ने कुंबी हाओतक इलाके में धान के खेतों में काम कर रहे मैतेई लोगों पर बम से हमला किया। कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन की मीडिया और डॉक्यूमेंटेशन सेल ने चार हमलावरों को ढेर करने की बात कही है।

## बृजभूषण पर पुलिस की रिपोर्ट पर दो मार्च को आएगा फैसला

**पहलवान यौन शोषण मामला**

**कोर्ट ने कहा, दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट और स्पष्टीकरण की जरूरत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक नाबालिग पहलवान की शिकायत को रद्द करने का अनुरोध करने वाली पुलिस रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं, इस पर दो मार्च को आदेश सुना सकती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छवि कपूर बृहस्पतिवार को आदेश पारित करने वाली थीं। हालांकि उन्होंने कहा कि मामले में कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। सिंह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद हैं।

### केस रद्द करने की मांग की थी

दिल्ली पुलिस ने 15 जून, 2023 को लड़की द्वारा मामला रद्द करने की मांग करते हुए अदालत के समक्ष रिपोर्ट दायर की थी। अब अदालत ने कहा है कि इसमें कुछ और स्पष्टीकरण की जरूरत है। अदालत अपने फैसले में बताएगी कि बृजभूषण पर नाबालिग द्वारा लगाए गए यौन शोषण को लेकर पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट उसे मंजूर है या नहीं।

## बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा, एक को सीतारमण संसद में अंतरिम बजट पेश करेंगी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। 9 फरवरी तक बजट सत्र चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को बजट सत्र की शुरुआत के साथ संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। नई सरकार बाद में पूर्ण बजट पेश करेगी। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। इस कारण आम चुनाव की घोषणा से पहले यह सत्रहवीं लोकसभा का आखिरी सत्र होगा। गौरतलब है कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ था।


USHA MARTIN UNIVERSITY
Approved by: UGC | AIU | PCI | BCI | AICTE | INC
Announces
Ph.D Entrance Exam
Application Invited for
Full-Time/Part-Time Ph.D Admission
Ph.D Programmes For January 2024 Batch
Computer Science | Law | Management | Education | Pharma | Journalism & Mass Communication | Mathematics | Microbiology | Biotechnology | English | Physics | Chemistry | Commerce | Mechanical | Agriculture | Nursing
upto 30,000 per month fellowship available
Last date of Submission of Application Form 16th Jan 2024
Date of Entrance Test on 21st Jan 2024
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Call Now: +91 8956 226 200, 8055 200 400
www.umu.ac.in
APPLY NOW



mine DIAMOND FESTIVAL
जनवरी 5 - फरवरी 11

शाश्वत सुंदरता का अनावरण

डायमंड की शानदार ज्वेलरी का त्योहार, जहां आपको आकर्षक डायमंड्स के भव्य कलेक्शन का अनोखा अनुभव मिलेगा! यहां हर एक डायमंड बेहद खूबसूरत, जाचे-परखे और प्रमाणित होते है जो खदानों से आपके दिल तक का सफर तय कर आपके हर पल को शानदार बनाते है।




25% तक की छूट हीरे के मूल्य पर

100% कीमत माइन डायमंड की पुरानी ज्वेलरी की एक्सचेंज पर!

जांचे-परखे और प्रमाणित हीरे । 28 क्वॉलिटी चेक। कॉम्प्लिमेंटरी इंश्योरेंस बायबैक की गारंटी। आजीवन मैंटेनेंस । जिम्मेदार स्रोत

बजरंग भवन के पास, दिल्ली रोड, रोहतक 8714810916, 8714808916

दिल्ली रोड, कैंप चौक, हिसार 8089520916, 8089502916 | कालका चौक, अंबाला शहर 8714820916, 8714798916

Also at : LUDHIANA | JALANDHAR | CHANDIGARH | GURUGRAM | DELHI | NOIDA | GHAZIABAD | AGRA | DEHRADUN | LUCKNOW | KANPUR | VARANASI | PATNA

मलाबार गोल्ड & डायमंड्स

BUY ONLINE AT: malabargoldanddiamonds.com | OVER 335 STORES ACROSS 13 COUNTRIES

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में हरियाणा सरकार व माइक्रोसॉफ्ट मिलकर काम करेंगे

## मुख्यमंत्री ने ग्लोबल समिट में अमेरिकी और जापानी कंपनियों के साथ की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर हैं। गुजरात के गांधीनगर में चल रहे 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में वीरवार को मुख्यमंत्री ने जापान और अमेरिका की लगभग 10 बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बातचीत की और उन्हें हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। कंपनियों ने भी हरियाणा में निवेश करने के लिए गहरी रुचि दिखाई। समिट के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक व उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बैठक की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से माइक्रोसॉफ्ट को हर प्रकार का सहयोग दिया जाएगा। शीघ्र ही, चंडीगढ़ में प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें माइक्रोसॉफ्ट की ओर से आगामी रूपरेखा के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। वहीं जापानी कंपनियों के साथ बैठक बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए हरियाणा एक मदर स्टेट रहा है। वर्ष 1980 में पहली बार मारुति सुजुकी ने गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई स्थापित की थी। उसके बाद कई जापानी कंपनियां हरियाणा में आई। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जापानी कंपनियों की सुविधा के लिए एक ज्वाइंट कोलेबोरेशन सेल स्थापित किया जाए, जो जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार बात करेगा ताकि प्लग एंड प्ले मॉडल को तेजी से शुरू किया जा सके।

■ माइक्रोसॉफ्ट ने मुख्यमंत्री के सामने रूपरेखा का प्रस्तुतीकरण दिया


चंडीगढ़। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री

### जापान और हरियाणा सरकार के बीच हाइड्रोजन पॉलिसी बनाने पर सहमति

इस मौके पर जापानी प्रतिनिधिमंडल से बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जापानी भाषा में कंपनी के प्रतिनिधियों का स्वागत किया, जिससे वे बहुत ही खुश व उत्साहित नजर आए। बैठक के दौरान क्लीन-ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए जापान और हरियाणा सरकार के बीच हाइड्रोजन पॉलिसी बनाने पर सहमति बनी। मारुति सुजुकी ने भी इच्छा व्यक्त की है कि वे प्लग एंड प्ले पॉलिसी को अपनाते हुए हरियाणा सरकार की ई-व्हीकल पॉलिसी के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर अधिक से अधिक जोर देगी। इसके लिए राज्य में प्लांट स्थापित करने हेतु स्थल की पहचान की जा रही है।

### बैठक में जापानी स्कूल खोलने पर भी चर्चा

बैठक में गुरुग्राम में जापानी स्कूल खोलने पर भी चर्चा की गई। यह पहला अवसर है जब जापानी कंपनियों के साथ-साथ जापान सरकार की ओर से भी अधिकारी इस समिट में आए हैं। यह हरियाणा के लिए सौभाग्य की बात है कि बैठक के दौरान जापान सरकार के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और मुख्यमंत्री को उन्होंने आश्वासन दिया कि जापान सरकार की ओर से हरियाणा को पूरा सहयोग दिया जाएगा।समिट के दौरान मुख्यमंत्री ने जापान की जेट्रो, डेन्जो कॉपारेशन, मारुति सुजुकी, यामानाशी हाइड्रोजन, ऐयर वॉटर कंपनी व अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि मिले।

### मुख्यमंत्री ने निवेश के लिए आमंत्रित किया

चंडीगढ़। वैश्विक मंच पर हरियाणा को निवेशकों की पहली पसंद बनाने के लिए मनोहर सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से गुजरात के गांधीनगर में चल रहे वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 गेटवे टू दि फ्यूचर में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल विदेशी निवेशकों के साथ बैठक कर राज्य में निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को मुख्यमंत्री ने यूएसआईएसपीएफ के साथ राउंड-टेबल कॉन्फ्रेंस की।


## डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस को तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति ( अचल सम्पत्ति ) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री दलबीर सिंह, श्री हैप्पी श्रीमती सुमन रानी (प्रोस्पेक्ट नं. 966895, 972498) | 09-जन.-2024 प्रोस्पेक्ट नं. 966895 रु. 889151/- (रुपये आठ लाख नवासी हजार एक सौ इक्यावन केवल) प्रोस्पेक्ट नं. 972498 रु. 111964/- (रुपये एक लाख ग्यारह हजार नौ सौ चौसठ केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव भोरिया, तहसील पिहोवा व जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा 136118 में स्थित खेवट नं. 108 में निहित सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Super_ built_up_area, Carpet_area, Built_up_area. सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2041.88, 1177.00, 1020.93, 1347.63 |
| श्री कमल कुमार, श्रीमती नेहा, सन्नी इलैक्ट्रिशियन (प्रोस्पेक्ट नं. IL10288355) | 09-जन.-2024 रु. 476030.00/- (रुपये चार लाख छिहत्तर हजार तीस केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव मांडी (आबादी देह लाल डोरा के अंदर), तहसील जगाधरी व जिला यमुनानगर, हरियाणा-135001 में स्थित सम्पत्ति U.i.d. No. 57921sb4s 1000r01183a, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Built_up_area, Carpet_area. सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1102.00, 1022.00, 922.00 |
| श्री संदीप, श्रीमती दर्शनी देवी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10335624) | 09-जन.-2024 रु. 554199.00/- (रुपये पांच लाख चव्वन हजार एक सौ निन्यानवे केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव अरदाना (लाल डोरा), तहसील असंध, जिला करनाल, हरियाणा-132039 में स्थित सम्पत्ति/प्लॉट/मकान/property Lgd No. 593530205, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Built_up_area, Carpet_area. सम्पत्ति क्षेत्रफल : 559.00, 667.00, 533.00 |
| श्री राजेश, श्रीमती पुनम, राजेश मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10392865) | 09-जन.-2024 रु. 713205.00/- (रुपये सात लाख तेरह हजार दो सौ पांच केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव श्योगढ़, सुरजाखेड़ा, तहसील नरवाना, जिला जीन्द, हरियाणा-126116, भारत में स्थित खसरा नं. 18//19/5 मिन 0-2, 128/15 (0-7) में निहित खेवट/खाता नं. 105/124 में से सम्पत्ति क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Built_up_area, Carpet_area. सम्पत्ति क्षेत्रफल : 464.00, 547.00, 438.00 |
| श्री ललित कुमार, सुश्री नेहा, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10439996) | 10-जन.-2024 रु. 1101372.00/- (रुपये ग्यारह लाख एक हजार तीन सौ बहत्तर केवल) | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : महाबीर कॉलोनी, राडा चौक, हनुमान मंदिर रोड, तहसील व जिला हिसार-125001 में स्थित खसरा नं. 6357 (5-7), 6359 (2-13), 6360 (3-15), 6361 (4-12), किते 4, खेवट नं. 2059/2020 मिन, खतौनी नं. 2387 का भाग, नई प्रोपर्टी आई.डी. नं. P01701062038 वाले प्लॉट नं. 31 का उत्तरी भाग। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_area, Built_up_area, Carpet_area. सम्पत्ति क्षेत्रफल : 351.00, 596.00, 635.00 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : आईआईएफएल एचएफएल, करनाल-एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001/अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 12.01.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.


# बेरोजगारी ने युवाओं के सपनों को तोड़ा : शुक्ला

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी हिमाचल प्रदेश-चंडीगढ़ प्रभारी सह राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य की सरकार पर जमकर हमला बोला कहा कि पिछले दस सालों में बेरोजगारी ने युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है।पत्रकार वार्ता के दौरान चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस आफिस में एआईसीसी प्रवक्ता सह-कम्युनिकेशन कोर्डिनेशन प्रभारी हरियाणा प्रोफेसर अजय उपाध्याय ने भी अपनी बात रखी ।

■ राज्यसभा सांसद ने सरकार पर बोला हमला



**भारत जोड़ो न्याय यात्रा की बुकलेट जारी :** राजीव शुक्ला ने इस दौरान बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से शुरू होने जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा यात्रा का पैम्फलेट/बुकलेट जारी किया है। कांग्रेस प्रभारी सह सांसद राजीव शुक्ला ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कहा कि भाजपा सरकार द्वारा 10 वर्षों के गंभीर अन्याय ने हमारे लोगों, हमारे लोकतंत्र और हमारे संविधान को गंभीर चोट पहुंचाई है।

## महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम शुरू

चंडीगढ़। हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल में शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने किया। प्रथम सेशन में महिला सशक्तिकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान कैसे करें महिलाएं रहा। इस दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनना है और इसके लिए महिलाओं में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबर के अधिकार दिए हैं। देश में सुख, समृद्धि महिला सशक्तिकरण से ही आती है।



## देशद्रोह के आरोप तय करने को हाईकोर्ट में चुनौती, सरकार से जवाब- तलब

चंडीगढ़। मेवात निवासी इरशाद ने देश के खिलाफ गंदी भाषा का इस्तेमाल करने और पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के आरोप में अपने खिलाफ देशद्रोह के तहत आरोप तय करने के सत्र न्यायालय के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट के जस्टिस एनके शेखावत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को 24 अप्रैल के लिए नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कथित घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने समाज में दुश्मनी व नफरत पैदा करने के आरोप में केस दर्ज कर पेशे से मजदूर इरशाद को गिरफ्तार कर लिया था।

## नशीली दवाओं से संबंधित मामलों में ट्रायल कोर्ट के समक्ष पुलिस कर्मियों के पेश न होने पर हाईकोर्ट सख्त

चंडीगढ़। प्रदेश में ट्रायल कोर्ट के समक्ष नशीली दवाओं से संबंधित मामलों में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में पुलिसकर्मियों की गैरमौजूदगी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने डीजीपी से जवाब तलब किया है। हाई कोर्ट ने हरियाणा से इस तरह की प्रथा को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी मांगी है। हाई कोर्ट ने इस मामले में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को अपना व्यक्तिगत हलफनामा दायर करने का निर्देश देते हुए सुझाव देने को कहा है कि ताकि मामलों के फैसले में देरी से बचने के लिए ऐसे गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। हाई कोर्ट ने राज्य पुलिस प्रमुख से उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के तरीके और उपाय सुझाने को कहा, जो नोटिस के बावजूद अदालत में पेश होने में विफल रहे।


## INDIAN AIR FORCE/भारतीय वायु सेना
### वायुसेना खेल-कूद नियंत्रण बोर्ड
### मार्फत:- वायुसेना स्टेशन नई दिल्ली, रेस कोर्स, नई दिल्ली-110003

1. वायुसेना छात्र खेल-कूद स्क्वाड्रन जालाहल्ली, बेंगलुरु में स्थित है। यह भारतीय वायु सेना और भारतीय खेल प्राधिकरण का संयुक्त उद्यम है जिसका उद्देश्य सम्भावित श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन उनकी खेल क्षमता का निखार और सुधार करके भविष्य की अंतरराष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में पदक सम्भावनाओं को बढ़ाना है। यहां बारहवीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा, आवास और अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
2. वायुसेना छात्र खेल-कूद स्क्वाड्रन में खेलकूद कैडेटों के चयन हेतु नई दिल्ली में कुश्ती के लिये 13 फरवरी से 16 फरवरी 2024 और गुवाहाटी में मुक्केबाजी के लिए 27 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक नामांकन रैली संचालित की जा रही है।
3. आयु:- 01 अप्रैल 2024 को 11 से 15 वर्ष (01 अप्रैल 09 से 31 मार्च 13 के बीच में जन्मा हो।)
4. शिक्षा:- 01 अप्रैल 2024 को 6वीं में 9वीं कक्षा में पढ़ रहा हो।
5. खेल-कूद वर्ग:- यह केवल मुक्केबाजी एवं कुश्ती के खेलों में प्रवेश के लिए ही लागू है।
6. योग्यता:- राज्य खेल संघ / राष्ट्रीय महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य/ राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी ही योग्य हैं। चयन के लिए केवल निम्नलिखित आयु, ऊंचाई एवं वजन वर्ग वाले छात्रों पर विचार किया जाएगा:-

| खेल-कूद वर्ग | आयु | न्यूनतम ऊँचाई | वजन | वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| मुक्केबाजी | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 40-44 किलोग्राम | -- |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 46-50 किलोग्राम | -- |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 51-55 किलोग्राम | -- |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 56-60 किलोग्राम | -- |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 61-65 किलोग्राम | |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 66-70 किलोग्राम | |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 71-80 किलोग्राम | |
| कुश्ती | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 38-41 किलोग्राम | फ्री स्टाइल |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 41-44 किलोग्राम | फ्री स्टाइल |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 44-48 किलोग्राम | फ्री स्टाइल |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 48-52 किलोग्राम | फ्री स्टाइल |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 52-57 किलोग्राम | फ्री स्टाइल |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 57-62 किलोग्राम | फ्री स्टाइल |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 62-68 किलोग्राम | फ्री स्टाइल |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 38-41 किलोग्राम | ग्रीको रोमन |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 41-44 किलोग्राम | ग्रीको रोमन |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 44-48 किलोग्राम | ग्रीको रोमन |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 48-52 किलोग्राम | ग्रीको रोमन |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 52-57 किलोग्राम | ग्रीको रोमन |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 57-62 किलोग्राम | ग्रीको रोमन |
| | 11-15 वर्ष | 153 सें.मी. | 62-68 किलोग्राम | ग्रीको रोमन |

नोट:- (क) सक्षम प्राधिकार, कौशल स्तर एवं प्रदर्शन के आधार पर निर्धारित आयु वर्ग के अधीन अन्य वजन वर्ग के छात्रों का चयन कर सकते हैं।
(ख) छात्रों का चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाएगा और यदि योग्य छात्र नहीं मिलते हैं तो प्रत्येक वजग वर्ग में छात्रों को चयन करना अनिवार्य नहीं है।

6 प्रेरण रैली कार्यक्रम :-

| | कुश्ती | मुक्केबाजी |
|---|---|---|
| रैली स्थल | विकास द्वार, वायु सेना स्टेशन नई दिल्ली, रेस कोर्स, नई दिल्ली-110003 | निर्माणाधीन ऑडिटोरियम, निकट 11ASC, निकट वीआईपी फ्लाई ओवर, वायु सेना स्टेशन बीरसार, गुवाहाटी, असम-781015 |
| तिथि | 13 फरवरी से 16 फरवरी 2024 | 27 फरवरी से 01 मार्च 2024 |
| रिपोर्टिंग का समय | 13 फरवरी 24 को 08.30 बजे | 27 फरवरी 24 को 07.00 बजे |
| प्रमाण पत्रों की जाँच | 13 फरवरी 24 को 08.30-11.00 बजे | 27 फरवरी 24 को 07.00 बजे से 10.00 बजे |
| योग्यता परीक्षण | 13 फरवरी 24 को 11.00-17.00 बजे<br>14 फरवरी 24 को 08.30-13.30 बजे | 27 फरवरी 24 को 10.00 बजे से 17.00 बजे<br>28 फरवरी 24 को 07.00 बजे से 17.00 बजे |
| चिकित्सा परीक्षण | 15 फरवरी 24 को 07.00 बजे से | 29 फरवरी 24 को 07.00 बजे से |
| संरक्षित दिन | 16 फरवरी 24 | 01 मार्च 2024 |

7. आवश्यक प्रमाण पत्र:- मृत्यु जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षिक एवं खेलकूद प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट आकार के 04 रंगीन फोटोग्राफ।
8. यात्रा/बोर्डिंग/अस्थायी आवास :- अपनी स्वयं की व्यवस्था पर (प्रेरण रैली के दौरान)
9. पूछताछ के लिए :- 09.00 बजे से 17.30 बजे तक 011-23014160 पर संपर्क करें या ई-मेल- bluesport3@gov.in पर भेजे।

नोट:- (क) यह चयन परीक्षण भारतीय वायुसेना में नौकरी के लिए नहीं है।
(ख) कृपया दलालों/ एजेंटों से सावधान रहें। उम्मीदवारों का चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाएगा।

CBC-10802/11/0047/2324


# प्रदेश में फिर शुरू होगी चिकित्सकों की भर्ती

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे में एक बार फिर से डाक्टरों की कमी को दूर करने के लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। इस क्रम में जहां नए खुलने वाले मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ रखे जाएंगे, वहीं अस्पतालों में भी स्पेशलिस्ट (विशेषज्ञ) डाक्टरों की कमी को दूर करने की प्रक्रिया शुरू होगी। सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में हरियाणा के स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री अनिल विज ने राज्य स्वास्थ्य विभाग की एसीएस, डीजीएचएस सभी के साथ में विचार मंथन के बाद में प्रक्रिया तेज करने को कहा है। कुल मिलाकर हरियाणा के मेडिकल कॉलेजों में बतौर सेवाएं देने का इंतजार कर रहे स्पेशलिस्ट डाक्टरों और अस्पतालों में भी डाक्टरों की कमी को दूर करने के लिए भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। खास बात यह है कि डाक्टरों की भर्ती हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा नहीं बल्कि बाहर गठित सलेक्शन कमेटी पिछली बार की तरह से करेगी, यह कवायद लंबी प्रक्रिया और चयन में लगने वाली देरी से बचने के लिए अपनाई जाएगी। यहां पर उल्लेखनीय है कि पिछले वर्षों में भी डाक्टरों की भर्ती की प्रक्रिया हरियाणा लोक सेवा आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर रखकर ही की गई थी।गत वर्ष डाक्टरों की भर्ती प्रक्रिया चली थी। जिसमें छह सौ से ज्यादा डाक्टरों को रखे जाने की तैयारी थी। विधिवत गठित कमेटी कमेटियों ने इंटरव्यूकिए थे। गत लगभग दो साल पहले फरवरी माह में 662 डाक्टरों को रखने की मुहिम चली थी। इन पदों के लिए हजारों की संख्या में डाक्टरों ने आवेदन किया था। जिसके लिए सरकार द्वारा साक्षात्कार के लिए कमेटियों का गठन किया गया था। यहां पर बता दें कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से दो साल पहले 662 पदों को भरने के लिए एमओ से आवेदन मांगे थे। लगभग 34 सौ डाक्टरों ने अपने आवेदन देकर राज्य में सेवाएं देने की इच्छा जाहिर की थी। विभाग आयुष महकमे के एमडी तत्कालीन और डीजी हेल्थ सहित आला अफसरों के नेतृत्व में कमेटी गठित हुई थी। इस बार भी ऐसे की प्रक्रिया चलेगी।

### डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी : अनिल विज



स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का कहना है-देखिये प्रदेश के अदंर डाक्टरों की कमी को दूर करने का प्रयास हम, लंबे समय से कर रहे हैं। हमारी सरकार ने काफी हद तक इस पर सफलता प्राप्त कर ली है लेकिन रिटायरमेंट,कुछ के वीआरएस ले लेने, नौकरी छोड़कर चले जाने के कारण दोबारा पद खाली हो जाते हैं। कमी को दूर करने के लिए हम कदम उठा रहे हैं। आने वाले वक्त में इस कमी को दूर कर राज्य के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं देने का उनका संकल्प ले रहे हैं।


## MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)
### PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE

| S. NO. | NAME OF DEPARTMENT/ BOARD/ CORP./AUTH | NAME OF WORK/ NOTICE/TENDER | Bid Submission Start Date & Bid Submission End Date & Bid Opening Date | Estimated Cost | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL | TENDER REF. NO/ TENDER NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from Rajbaha Road to House of Pardeep and Allied Street in Ward No. 03 MC Uchana | 08-Jan-2024 09:00 AM & 15-Jan-2024 05:00 PM & 16-Jan-2024 10:00 AM | 17,83,583.00 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_342381_1 |
| 2 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from house of Parveen to House of Pardeep Kapro in Ward No. 07 in MC Uchana | 08-Jan-2024 09:00 AM & 15-Jan-2024 05:00 PM & 16-Jan-2024 10:00 AM | 4,63,337.00 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_342378_1 |
| 3 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from Back Side of Ware House of Narender son of Manga Tara to Rambilash Patwari in MC Uchana | 08-Jan-2024 09:00 AM & 15-Jan-2024 05:00 PM & 16-Jan-2024 10:00 AM | 8,49,422.00 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_342377_1 |

Sd/- Secretary
Municipal Committee Uchana


## लोकायुक्त ने प्रॉपर्टी आईडी सर्वे मामले में 15 दिन में रिपोर्ट मांगी

चंडीगढ़। याशी कम्पनी के प्रॉपर्टी आईडी सर्वे घोटाले की सुनवाई करते हुए लोकायुक्त जस्टिस हरी पाल वर्मा ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और 15 दिन में जांच रिपोर्ट न देने पर एंटी करप्शन ब्यूरो से मामले की विस्तृत जांच करवाने की चेतावनी दी । मामले की सुनवाई की पिछली तारीख पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने लोकायुक्त को दी अपनी प्राथमिक जांच में एंटी करप्शन ब्यूरो ने प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे में फर्जीवाड़े के आरोपों को प्रथम दृष्ट्या सही पाते हुए विस्तृत जांच करने की जरूरत बताई थी।इ स पर लोकायुक्त ने शहरी निकाय विभाग के प्रधान सचिव से 11 जनवरी तक जाँच रिपोर्ट तलब की थी । लेकिन आज सुनवाई के दौरान शहरी निकाय विभाग के आधिकारी रिपोर्ट पेश नहीं कर सके। लोकायुक्त अब मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी को करेंगे आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने लोकायुक्त जस्टिस हरि पाल वर्मा को गत वर्ष 19 जुलाई को निकाय मंत्री , 12 आईएएस सहित 88 अधिकारियों के खिलाफ़ शिकायत देकर जांच की मांग की थी।

■ विभाग के खिलाफ लोकायुक्त तेवर तल्ख, अब 29 को सुनवाई


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 19, रोहतक में नैंसी किरयाना स्टोर से फ्लाईओवर मेन रोड, दावत बैंक्वेट हॉल से रोहताश वाली गली तक सी.सी. बिछाना और फ्लाईओवर के नीचे मेकर टी स्टॉल से दुआ किरयाना स्टोर तक पैच की मरम्मत। | 09.01.2024 23.01.2024 | 23.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के अंदर किशनपुरा में चौधरी राम सिंह लेन श्री लाल सिंह के मकान के सामने इंटरलॉकिंग पेवर रोड का निर्माण। | 09.01.2024 02.02.2024 | 38.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | शिवाजी कॉलोनी वार्ड नं. 19, रोहतक में शिव मंदिर से तिकोना पार्क से कत्याल के मकान 230/8 से मोना बुटीका से धवन प्रोपर्टी अप्रोच स्ट्रीट और सोनी टी स्टाल से महावीर पार्क के निकट मेन रोड तक सीसी गली का निर्माण। | 09.01.2024 02.02.2024 | 29.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | बंधेल मोहल्ला वार्ड नं. 6, एम.सी. रोहतक में सीसी गली का निर्माण। | 09.01.2024 23.01.2024 | 4.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 5 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में वार्ड नं. 1 से 11 जोन-I में स्थित मौजूदा टॉयलेट 42 अदद (40 अदद सार्वजनिक शौचालय और 2 अदद मोबाइल टॉयलेट) की उपयुक्त देखभाल का प्रावधान और रखरखाव, मरम्मत, पुनरोद्धार (एक वर्ष हेतु अनुमानित लागत)। | 10.01.2024 31.01.2024 | - | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 6 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में वार्ड नं. 12 से 22 जोन-II में स्थित मौजूदा टॉयलेट 40 अदद (37 अदद सार्वजनिक शौचालय और 3 अदद मोबाइल टॉयलेट) की उपयुक्त देखभाल का प्रावधान और रखरखाव, मरम्मत, पुनरोद्धार (एक वर्ष हेतु अनुमानित लागत)। | 10.01.2024 31.01.2024 | - | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/120/24110/I/88/6 दि. 11.01.24

# आज से तीन दिन जींद के प्रवास पर आरएसएस के सर संघचालक मोहन भागवत

## पुलिस ने किया सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध, रोहतक व भिवानी रोड पर पैनी नजर, नागरिक अस्पताल में बनाए दो सेफ हाउस

■ नागरिक अस्पताल में पहुंचे भागवत के सुरक्षा अधिकारी, लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत शुक्रवार से तीन दिन के लिए भिवानी रोड स्थित गोपाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवास करने के लिए आ रहे हैं। इस दौरान वह हिंदू संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं से मंथन करेंगे। कार्यक्रम में देशभर से कई वीवीआईपी लोगों के आने की संभावना है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने डेरा डाल लिया है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। भिवानी रोड व रोहतक रोड के बीच में गोपाल स्कूल है। दोनों ही रास्तों पर चार-चार नाके लगाए गए हैं। इन नाकों पर 24 घंटे पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा गोपाल स्कूल के चारों तरफ रिहायशी मकानों पर भी पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। फिलहाल किसी भी रास्ते को ब्लॉक नहीं किया गया है। यदि जरूरत पड़ी तो दोनों रास्तों को ब्लॉक भी किया जा सकता है। इसके लिए दो डीएसपी की ड्यूटी लगाई गई है। वह स्वयं भी सुरक्षा व्यवस्था का समय-समय पर जायजा लेते रहेंगे।



जींद। नागरिक अस्पताल में बनाए गए सेफ हाउस का निरीक्षण करने के लिए जाते हुए सीएमओ डॉ. गोपाल गोयल। फोटो: हरिभूमि

### हिंदू संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए होगा मंथन

संघ प्रमुख मोहन भागवत 12 से 14 जनवरी तक गोपाल विद्या मंदिर में रहेंगे। प्रवास के दौरान कार्यकर्ता हिंदू संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए योजना बनाएंगे और मंथन भी करेंगे। कार्यक्रम में कुछ चुनिंदा कार्यकर्ता ही शामिल होंगे। तीन दिवसीय प्रवास के दौरान शाखाएं भी लगाई जाएंगी। 2025 में संघ स्थापना के सौ साल पूरे हो रहे हैं। ऐसे में 12 जनवरी को प्रदेश कार्यकारिणी शाखा लगाने के साथ अबतक क्या प्रगति हुई है, इस पर मंथन किया जाएगा। 13 जनवरी को संघ से जुड़े पूर्व सैनिकों की शाखा लगेगी, जिसमें वह पूर्व सैनिक भाग लेंगे जो संघ में सक्रिय हैं। 14 जनवरी को मकर संक्राति का पर्व मनाया जाएगा। संघ वर्ष में छह पर्व मनाता है। इसमें मकर संक्रांति भी एक है। शाखाओं में हर जिले से कार्यकर्ता आएंगे, जिनसे प्रगति रिपोर्ट भी ली जाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग तैयार, डॉक्टरों की ड्यूटी रोस्टर भी जगह-जगह लगाया गया

स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत के तीन दिवसीय प्रवास को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऐसे में स्वास्थ्य संबंधि कोई परेशानी न हो, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार को लेकर दो सेफ हाउस बनाए गए हैं। एक सेफ हाउस गोपाल स्कूल में ही बनाया गया है वहीं दूसरा सेफ हाउस नागरिक असपताल के आप्रेशन थिएटर में बनाया गया है। जहां हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बाकायदा गोपाल स्कूल में एक स्पेशल एंबुलेंस भी 24 घंटे मौजूद रहेगी। जिसमें स्पेशल चिकित्सक उपलब्ध होंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं को पुख्ता करने के लिए सीएमओ डा. गोपाल, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने अस्पताल का दौरा किया। वहीं अस्पताल परिसर में डॉक्टरों का ड्यूटी रोस्टर भी जगह-जगह लगाया गया ताकि अगर कोई आपातकालीन स्थिति आती है तो मौके से लेकर अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आरएसएस प्रमुख सहित अन्य वीवीआईपी को कोई परेशानी नहीं आए।

### डीएसपी ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

इसके अलावा पुलिस विभाग से व वीआईपी अमले से डीएसपी ने भी सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया था। जिन्होंने इमरजेंसी से लेकर ऑपरेशन थियेटर में बनाए गए सेफ हाउस की विजिट की। डिप्टी एमएस डा. भोला ने बताया कि संघ प्रमुख मोहन भागवत 12 से 14 जनवरी तक जींद प्रवास को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दो सेफ हाउस बना दिए गए हैं। जिसमें स्पेशल चिकित्सक हर समय तैनात रहेंगे। इसके अलावा अस्पताल में भी स्पेशल सेफ हाउस बनाया गया है। इन सेफ हाउस के लिए इंचार्ज भी नियुक्त कर दिए गए हैं। इस दौरान आमजन को उपचार को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।


# 142 छात्राओं के यौन शोषण मामले की विस कमेटी ने शुरू की जांच

## कमेटी ने स्कूल शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव व डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

■ पुलिस ने पूछा की प्रिंसिपल के खिलाफ कब क्या-क्या कार्रवाई की

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

जींद के उचाना के राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल पर लगे 142 छात्राओं के यौन शोषण के आरोपों के मामले पर विधानसभा की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने जांच शुरू कर दी हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के आरोपों के बाद इस कमेटी को जांच सौंपी गई थी। कमेटी ने स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल और पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर से इस केस से जुड़ी रिपोर्ट की मांग कर ली है। शिक्षा विभाग से प्रिंसिपल के खिलाफ हुई अब तक की शिकायत और कार्य शैली पर रिपोर्ट मांगी गई हैं। वही डीजीपी आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ पुलिस में कब-कब



शिकायत आई और उसे पर कब-कब डीडीआर या एफआईआर की, इस पर जानकारी मांग रही है।

साथ ही पुलिस ने पूछा कि प्रिंसिपल के खिलाफ कब क्या कार्रवाई की गई है। विधानसभा में हंगामे के बाद शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा रोहतक से विधायक बीबी बतरा, अंबाला सिटी से विधायक असीम गोयल, जुलाना से विधायक अमरजीत सिंह ढांडा को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

### प्रदेश में मनचलों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान : डीजीपी

**चंडीगढ़** । हरियाणा पुलिस द्वारा महिलाओं में सुरक्षा की भावना को बल देने के लिए अलग-अलग स्थानो पर अभियान चलाते हुए मनचले लोगों को सबक सिखाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में छेड़छाड़ वाले हॉटस्पॉट क्षेत्रो में तैनात रहती है और मनचलो के खिलाफ कार्रवाई करती है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के दिशा निर्देशानुसार तथा मार्गदर्शन में महिला विरुद्ध अपराधों को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश भर में यह अभियान चलाया गया है, जिसके तहत प्रत्येक जिला में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ वाले क्षेत्रो को सूचीबद्ध करते हुए वहां पुलिस की टीमें तैनात की गई है। ये टीमें सिविल ड्रेस में हॉटस्पॉट क्षेत्रो पर तैनात रहती है और असामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं पर किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी करने वालों को सबक सिखाती है।



### 17 से 19 जनवरी तक होगी एचटेट के अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने गुरुवार को यहां बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2023 एचटेट का आयोजन 2 व 3 दिसम्बर 2023 को करवाया गया था। परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर को घोषित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा 24 दिसम्बर को लेवल 2 के कुल 1308 अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। इन अभ्यर्थियों को 1 से 7 जनवरी, 2024 तक बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन का पहला अवसर दिया गया था। प्रथम अवसर में अनुपस्थित रहे 103 अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। ऐसे अभ्यर्थी 17 से 19 जनवरी, 2024 तक शिक्षा बोर्ड मुख्यालय में उपस्थित होकर अपनी बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त ऐसे अभ्यर्थी जो 17 व 18 एवं 21 व 22 दिसम्बर, 2023 तथा 01 से 07 जनवरी, 2024 तक दिए गए तीनों अवसरों में बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन की प्रक्रिया के दौरान अनुपस्थित रहे, ऐसे 587 अभ्यर्थियों की सूची भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### बकाया बिल सेटल करने के एवज में बना रहा था दबाव

### अंबाला में बिजली निगम का कमर्शियल असस्टिेंट 18 हजार घूस लेते रंगे हाथों काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कमर्शियल असस्टिेंट जितेश चावला को 18 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि पंजैल गांव के शिकायतकर्ता रणजीत का एक लाख रुपये का बिजली का बिल लंबित था। इसके बाद इनका मीटर उतार लिया गया था। सरकार की एक योजना के तहत, जिनके परिवार पहचान पत्र में आय एक लाख रुपये से कम है उनको सरकार बिजली के बिल में कुछ राशि भरवाकर बाकी की बिल माफ कर देती है। निगम के सीए जितेश चावला द्वारा शिकायतकर्ता के एक लाख 16 रुपये के बकाया बिल को सेटल करने व सरकारी योजना का लाभ देते हुए नई मीटर का कनेक्शन जारी करने की एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। सूचना के आधार पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई और उसे 18 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।





# शिक्षण संस्थानों में भी सुरक्षित नहीं बेटियां: डॉ. सुशील गुप्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने शिक्षण संस्थानों में बेटियों की सुरक्षा को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के राज में हरियाणा के शिक्षण संस्थानों में भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। हरियाणा में के



अब रोहतक में गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल की छात्राओं की चिट्ठी ने किया खुलासा

शिक्षण संस्थानों से लगातार बेटियों के साथ उत्पीड़न के मामले आ रहे हैं। पहले जींद, फिर कैथल, इसके बाद सिरसा और अब रोहतक में छात्राओं ने ही साहस कर अपने साथ हो रहे शोषण को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि बेटियों की कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में भी मुख्यमंत्री खट्टर और सत्ता पक्ष के नेता कहते हैं कि पिछली सरकारों में भी ऐसा हुआ, जबकि जिम्मेदारी के साथ दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोहतक जिले के एक गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल की छात्राओं की गुमनाम चिट्ठी ने खट्टर सरकार के बेटी पढ़ाने और बेटी बचाने के दावों की पोल खोल दी है।

## खबर संक्षेप

### फाइनेंस कंपनी के मैनेजर से लूटे 50 हजार

**यमुनानगर।** बूड़िया थाना क्षेत्र के गांव नवाजपुर के पास दो बदमाशों ने भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड कंपनी के मैनेजर से 50 हजार रुपये व अन्य सामान से भरा बैग लूट लिया। कंपनी को मैनेजर बूड़िया क्षेत्र में किस्तें इकट्ठी करने के लिए आया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नौकरी का झांसा देकर 13 लाख की ठगी

**कैथल।** पुलिस विभाग में कांस्टेबल लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगी मामले की जांच थाना कलायत पुलिस के एएसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला पलवल के गांव किठवाड़ी के नरेश कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### पति का अपहरण कर पांच लाख की मांग

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक व्यक्ति का अपहरण कर उसकी पत्नी से 5 लाख रुपये की मांग करने के रूप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कौल गांव की एक महिला ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह अपने पति के साथ 9 जनवरी को बस स्टैंड कैथल आई थी। कुछ व्यक्ति कैथल के बस स्टैंड से उसके पति का अपहरण कर ले गए। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा उसके पति को जान से मारने का डर दिखाते हुए 5 लाख की मांग की।

### बायोमेट्रिक अटेंडेंस में लापरवाही पर रजिस्ट्रार का एक्शन

### 10 अधिकारी और 14 कर्मचारी चार्जशीट, 26 को चेतावनी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा सहकारिता विभाग ने आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) के प्रयोग में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर बड़ा एक्शन लिया है। विभाग के रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने बताया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का 15 अप्रैल से लेकर जनवरी 2024 तक अध्ययन करवाकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करवाई। जांच के उपरांत पता लगा कि कई अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक से नहीं लगा रहे थे। जांच के आधार पर 69 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया। इनमे से 10 अधिकारियों को नियम 4 (बी) के तहत कड़ी सजा, 14 कर्मचारियों को नियम 4 (ए) के तहत चार्जशीट और 19 संविदा कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और 26 कर्मचारियों को चेतावनी दी गई। ज्ञात रहे कि प्रदेश में सभी सरकारी कार्यालयों में आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई थी। कोविड-19 महामारी के कारण इसे रोक दिया गया था। हालांकि 15 अप्रैल,2023 को फिर से बायोमेट्रिक उपस्थिति शुरू की गई थी। परन्तु देखने में आ रहा था कि कई कर्मचारी कार्यालय में देर से आ रहे थे और समय के पाबंद नहीं थे।जोगपाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नांगल चौधरी: पेड़ से लटका मिला शव

**नांगल चौधरी।** खातोही अहीर में नहर के किनारे एक पेड़ पर लटका हुआ शव बरामद हुआ। शिनाख्त प्रक्रिया में मृतक युवक रेवाड़ी जिले के गांव परोकतम निवासी होने की पुष्टि हुई है। परिजनों के बयानों पर पुलिस ने केस दर्ज करके शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक धर्मपाल पुत्र ताराचंद (रेवाड़ी) मानसिक बीमारी से पीड़ित था। अपनी पत्नी के साथ कमानिया में स्थित त्रिलोक भारती के आश्रम में आया हुआ था। यहां प्रेत, मानसिक और शारीरिक बीमारियों से निजात मिलने की धारणा बनी हुई है। बीती रात खाना खाने के बाद पीड़ित युवक पत्नी को चकमा देकर मंदिर से निकल गया। रस्सा लेकर नहर के किनारे फांसी लगा ली।

#### मामला दर्ज

### महिला और मासूम बेटे के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**जींद।** शहर थाना इलाके में महिला और उसके मासूम बेटे का कुछ लोगों ने धमकी देकर अपहरण कर लिया और यमुना नदी के पार ले जाकर उसके साथ तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। महिला थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर एक व्यक्ति को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत छह जनवरी देर रात को गांव पाई कैथल निवासी कृष्ण तथा दो अन्य उसके घर आए और धमकी देकर बेट तथा उसे अपने साथ ले गए।

#### धोखाधड़ी पर केस

### ट्रांसफर सिम पर की तीन लाख रुपये की ऑनलाइन खरीदारी

**यमुनानगर।** जगाधरी वर्कशॉप रोड निवासी सुखविंद्र सिंह ने अपने बेटे के दोस्त पर उनके नाम ट्रांसफर की गई सिम से तीन लाख रुपये की ऑनलाइन खरीददारी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुखविंद्र सिंह ने गांधीनगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा रमनदीप कनाडा में रह रहा है। जब वह कनाडा गया तो उसने अपना सिम अपने दोस्त फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी अभिषेक शर्मा के नाम ट्रांसफर कर दिया था। बैंक संबंधी जानकारी व ओटीपी इस सिम पर आती रही।

#### फर्जी दस्तावेजों पर चुनाव लड़ा

### हरीगढ़ किंगन की सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल।** फर्जी दस्तावेजों के सहारे चुनाव लड़ने के आरोप में पुलिस ने हरिगढ़ किंगन की सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला गुहला के खंड विकास एवं पंचायती अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। गुहला के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राजवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 2022 के चुनाव के दौरान हरिगढ़ किंगन की हरबंस कौर ने चुनाव लड़ा था। हरबंस कौर के सरपंच निर्वाचित होने के बाद गांव के ही एक व्यक्ति रघुबीर सिंह पुत्र जोरा सिंह ने सरपंच द्वारा जमा करवाए गए दस्तावेजों को चुनौती देते हुए निर्वाचन आयोग में शिकायत की थी, जिस पर एस.डी.एम. गुहला को इसकी जांच सौंपी गई।

## खबर संक्षेप




### हैंपशर में हिस्सा खरीद सकती है कैपिटल्स

**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की हैंपशर टीम में हिस्सा खरीदने के लिये बातचीत की प्रक्रिया में है। रिपोर्ट के अनुसार हैंपशर के पूर्व अध्यक्ष रॉड ब्रांसग्रोव दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक जीएमआर समूह को यह काउंटी टीम बेचने के अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'हैंपशर काउंटी क्रिकेट क्लब के अधिकांश शेयरों के मालिक इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम के सह मालिक को अपना हिस्सा बेचने के लिए आगे के दौर की बातचीत कर रहे हैं।'

### हमारा ध्यान मजबूत ताकत बनने पर

**रांची।** स्ट्राइकर लालरेमसियामी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले क्वालीफाइंग



टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा हासिल करने के इरादे से मजबूत आक्रामक ताकत बनने के लिए अपने कौशल को निखारने और अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की मूवमेंट में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले आठ देशों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में रहने वाली टीमें इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### नेपाल क्रिकेट संघ से लामिचाने निलंबित

**काठमांडो।** एक 18 वर्षीय युवती के बलात्कार के आरोप में आठ साल की जेल की सजा मिलने के बाद नेपाल के स्पिनर संदीप



लामिचाने को गुरुवार को देश के क्रिकेट संघ ने निलंबित कर दिया। काठमांडो जिला अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया और एक दिन बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। इसने कहा, 'हम आपको सूचित करते हैं कि संदीप लामिचाने को सजा मिलने के बाद उसे हर तरह की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधि से निलंबित कर दिया गया है।'

### निश्ना ने पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**पुणे।** निश्ना पटेल ने गुरुवार को यहां दूसरे दौर में पार 71 के स्कोर से 2024 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले चरण में बढ़त बरकरार रखी है। निश्ना का दो दौर के बाद कुल स्कोर पांच अंडर 137 है और उन्होंने हिताषी बक्शी पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। हिताषी ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपने और निश्ना के बीच के अंतर को कम किया। निश्ना ने दूसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर इवन पार रहा। हिताषी ने दूसरे दौर में चार बर्डी और तीन बोगी की।

# आस्ट्रेलियन ओपन : स्वियाटेक-केनिन में होगा पहला मैच, जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी तय नहीं

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

**मेलबर्न।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक को आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन से खेलना है और दूसरे दौर में 2016 की चैंपियन एंजेलिक कर्बर या डेनियेले कोलिंस से टक्कर हो सकती है। गत चैंपियन नोवाक जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी अभी तय नहीं हुआ है। वह तीसरे दौर में एंटी मर्रे और क्वार्टर फाइनल में सातवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास से खेलना पड़ सकता है।



### ओसाका से भिड़ेगी गार्शिया

*टूर्नामेंट के ड्रॉ गुरुवार को निकाले गए जिसमें पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका का सामना पहले दौर में 16वीं रैंकिंग वाली कैरोलिन गार्शिया से होगा। अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ भी इसी ड्रॉ में है। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कर्बर का सामना कोलिंस से होगा जिसने 2022 में यहां स्वियाटेक को सेमीफाइनल में हराया था। गत चैंपियन एरिना सबालेंका का सामना पहले दौर में एक क्वालीफायर से होगा। क्वार्टर फाइनल में तीसरी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना की टक्कर पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला से हो सकती है। वहीं पुरुष वर्ग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज का सामना छठी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हो सकता है।*

### मुख्य ड्रा में पहुंचने से एक जीत दूर नागल



**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने गुरुवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल राउंड में प्रवेश किया जिससे वह इस ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में पहुंचने से केवल एक जीत दूर हैं। नागल ने दूसरे क्वालीफाइंग मैच में आस्ट्रेलिया के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी एडवर्ड विंटर को एक घंटे चार मिनट में 6-3, 6-2 से पराजित किया। अब सत्र के शुरुआती ग्रैंडस्लैम में जगह बनाने के लिए 26 साल के भारतीय खिलाड़ी का सामना शुक्रवार को फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकोन से होगा।

## अफगानिस्तान पर भारत की 5वीं जीत, 3 मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-0 से आगे

# शिवम दूबे का अर्धशतक, भारत छह विकेट से जीता

**मुकेश और अक्षर ने झटके एक-एक विकेट, सीरीज का दूसरा मुकाबला 14 जनवरी को इंदौर में**

भाषा ▶▶| मोहाली

भारत ने शिवम दूबे (नाबाद 60 रन) की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से गुरुवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में अफगानिस्तान पर छह विकेट की आसान जीत से तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनायी। अनुभवी मोहम्मद नबी और युवा अजमतुल्लाह ओमरजई के बीच 43 गेंद में 68 रन की साझेदारी से अफगानिस्तान ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 158 रन बनाये। पर यह लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था और भारत ने 17.3 ओवर में चार विकेट पर 159 रन बनाकर जीत हासिल की। एशियाई खेलों के बाद अपना पहला टी20 खेल रहे दूबे और तिलक वर्मा (22 गेंद में 26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 29 गेंद में 44 रन जोड़े जिससे भारत ने चार ओवर में सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाने के बावजूद लय हासिल की। पारी की दूसरी ही गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा गफलत का शिकार हुए जिनकी 14 महीने बाद टी20 टीम में वापसी हुई। रोहित ने एक रन लेने के लिए शुभमन गिल (23 रन) को पुकारा लेकिन वह मिड ऑफ पर देख रहे थे और उन्होंने रोहित को भागते हुए नहीं देखा। गिल अपनी क्रीज पर खड़े रहे और फिर रोहित भी उनकी तरफ पहुंच गये। विकेटकीपर ने थ्रो लेकर आसान रन आउट किया। इसके बाद रोहित अपनी नाराजगी छिपा नहीं सके। गिल (12 गेंद, पांच चौके) चौथे ओवर में मुजीबुर रहमान की गेंद का शिकार हो गये। नीची गेंद को खेलने की कोशिश में गिल आगे आये और विकेटकीपर को स्टंपिंग का मौका मिला। दूबे और तिलक वर्मा की साझेदारी अजमतुल्लाह ओमरजई ने तोड़ी। भारत में वनडे विश्व कप में अपनी हरफनमौका काबिलियत से प्रभावित करने वाले ओमरजई की गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग में उठाने की कोशिश में गुलबदीन नईब को कैच देकर आउट हुए। नईब को रोशनी के कारण गेंद देखने में परेशानी हुई और कैच लपकने के लिए वह आगे आकर एक कदम पीछे गये और सही समय पर हाथ उठाये। भारत ने 72 रन पर तीसरा विकेट गंवाया। चोटिल हार्दिक पंड्या के बैकअप के तौर पर शामिल हुए दूबे ने इस दौरान नबी पर डीप मिडविकेट के ऊपर और नवीनुल हकपर डीप बैकवर्ड स्क्वायर पर छक्का जड़ा। उन्होंने मैच का अंत सीधे छक्का और फिर फाइन लेग पर चौका जड़कर शानदार तरीके से किया।



### अफगानिस्तान

| | |
|---|---|
| रहमनुल्लाह गुरबाज स्ट जितेश बो पटेल | 23 |
| इब्राहिम जदरान का रोहित बो दूबे | 25 |
| अजमतुल्लाह ओमरजई बो मुकेश कुमार | 29 |
| रहमत शाह बो पटेल | 03 |
| मोहम्मद नबी का रिंकू सिंह बो मुकेश कुमार | 42 |
| नजीबुल्लाह जदरान नाबाद | 19 |
| करीम जनत नाबाद | 09 |
| अतिरिक्त : | 08 |

**कुल :** 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन
**विकेट पतन :** 1-50, 2-50, 3-57, 4-125, 5-130
**गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह 4-1-28-0, मुकेश कुमार 4-0-33-2, अक्षर पटेल 4-0-23-2, वाशिंगटन सुंदर 3-0-27-0, शिवम दूबे 2-0-9-1, रवि बिश्नोई 3-0-35-0

### भारत

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा रन आउट | 00 |
| शुभमन गिल स्ट गुरबाज बो मुजीबुर रहमान | 23 |
| तिलक वर्मा का नईब बो ओमरजई | 26 |
| शिवम दूबे नाबाद | 60 |
| जितेश शर्मा का जदरान बो मुजीबुर रहमान | 31 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 16 |
| अतिरिक्त : | 03 |

**कुल :** 17.3 ओवर में चार विकेट पर 159 रन
**विकेट पतन :** 1-0, 2-28, 3-72, 4-117
**गेंदबाजी :** फजलहक फारूकी 3-0-26-0, मुजीबुर रहमान 4-1-21-2, मोहम्मद नबी 2-0-24-0, नवीनुल हक 3.3-0-43-0, अजमतुल्लाह ओमरजई 4-0-33-1, गुलबदीन नईब 1-0-12-0



### सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत हारे

**कुआलालम्पुर।** भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि किदाम्बी श्रीकांत दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने फ्रांस के 36वीं रैंकिंग वाले लुकास कोरवी और रोनान लबार को 21-11, 21-18 से हराया। पिछले साल छह खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी का सामना अब चीन के ही जि तिंग और रेन शियांग यू से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 खिताब जीतने वाली अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो की जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर उलटफेर किया और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया।

### अश्वनी-तनीषा की उलटफेर भरी जीत

हाल ही में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी अश्वनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो ने बड़ा उलटफेर करते हुए सातवीं वरीय जापानी जोड़ी वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अश्वनी और तनीषा का क्वार्टर फाइनल में



अन्य जापानी जोड़ी रिन इवांगा-की नाकानिशी से होगी। इस जीत से दोनों के पेरिस ओलंपिक में क्वालिफाई करने के अवसर काफी बढ़ गए हैं। विश्व नंबर 24 श्रीकांत ने अच्छी शुरुआत कर 6-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन यहां से उन्होंने लगातार छह अंक खोए और मैच का पासा पलट गया।

# रिदम ने भारत के लिए हासिल किया 16वां ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

रिदम सांगवान पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की 16वीं निशानेबाज बन गई जिन्होंने यहां एशियाई क्वालीफायर में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत अब ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी में अपना सबसे बड़ा दल भेजेगा। भारत ने जुलाई अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी के लिए सबसे ज्यादा कोटा हासिल कर लिए हैं। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के 15 निशानेबाजों ने भाग लिया था। एशियाई क्वालीफायर में भारत का यह तीसरा ओलंपिक कोटा है।



**रिदम ने जीता कांस्य पदक**

इससे पहले ईशा सिंह और वरुण तोमर 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और पुरुष वर्ग में कोटा हासिल कर चुके हैं। रिदम फाइनल में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही लेकिन यह उन्हें पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने के लिए काफी था। चीन की यांग जिन को 41 अंक के साथ स्वर्ण और कोरिया की किम येजी को 32 अंक के साथ रजत पदक मिला। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में यह रिदम का दूसरा कांस्य पदक है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में भी तीसरा स्थान हासिल किया था। इस वर्ग में वह ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर सकी थी।

## अमन ने जगरेब ओपन में जीता स्वर्ण, वान्हाओ को 10-0 से रौंदा




एजेंसी ▶▶| जगरेब

भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट में चीन के दुनिया के सातवें नंबर के पहलवान वान्हाओ जोउ को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेहरावत ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से विवादों से जूझ रहे भारतीय कुश्ती जगत के लिए यह अच्छी खबर रही। भारतीय दल यहां युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के बैनर में खेल रहा है क्योंकि समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ को पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। 13वीं रैंकिंग वाले अमन ने तुर्किए के मुहम्मद कारावुस के खिलाफ 15-4 से जीत के साथ आगाज किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले अमन ने 19वीं रैंकिंग वाले अमेरिका के रिचडर्स जेन राये रोड्स को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंतिम चार में उन्होंने जॉर्जिया के रॉबर्टी डी को 11-0 से मात दी। वहीं फाइनल में जोउ को हराया।

### किशोर, मीराबाई चानू की ट्रेनिंग को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने गुरुवार को एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक एथलीट किशोर कुमार जेना के आस्ट्रेलिया में ट्रेनिंग के प्रस्ताव को और टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता मीराबाई चानू की अमेरिका में एक महीने लंबी 'रिहैब' ट्रेनिंग को मंजूरी दी। जेना आस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में 78 दिन तक ट्रेनिंग करेंगे जबकि चानू सेंट लुईस में ट्रेनिंग के लिए अमेरिका जाएंगी। वह डॉक्टर एरोन होर्शिंग के साथ नियमित सत्र करेंगी और उनके साथ मुख्य कोच विजय शर्मा भी होंगे।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई–कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 रेलवे स्टेशनों पर पार्सल पैकिंग (दो पहिया एवं अन्य पार्सल) की सुविधा हेतु ठेका | UMBTWnOPS012023 | अम्बाला छावनी, चंडीगढ़, कालका सहारनपुर एवं बठिंडा | 15.01.2024 को 11:00 बजे |
| 2 | 05 रेलवे स्टेशनों पर, प्लास्टिक बोटल क्रशर मशीन द्वारा वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका | UMB-PBCM-01-23 | शिमला, सरहिंद, अबोहर एवं यमुनानगर जगाधरी, | 18.01.2024 को 11:00 बजे |
| 3 | | UMB-BTIPBCM0124 | बठिंडा | 25.01.2024 को 10:00 बजे |
| 4 | 7 रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म/कोन्कौर्स/प्रतीक्षालय हाल/रूम में ग्लो साइन बोर्ड/बोर्ड्स/होर्डिंग्स द्वारा नॉन–डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु | UMB-RDNND-01-24 | मंडी गोबिंदगढ़, अम्बाला छावनी (BCN डिपो की दीवार/शेड सहित), बराडा, जगाधरी वर्कशॉप, मलोट, तपा एवं गिद्दरबाहा | 18.01.2024 को 15:00 बजे |
| 5 | 02 रेलवे स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन्स लगाने हेतु ठेका | UMB-WVM-01-2024 | पटियाला एवं यमुनानगर जगाधरी | 22.01.2024 को 11:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 136/24

# कोहली, रोहित की मौजूदगी से भारत मजबूत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

- टी20 विश्व कप को लेकर पूर्व भारतीय आल राउंडर रैना का अनुमान



पूर्व भारतीय आल राउंडर सुरेश रैना ने विश्व कप को देखते हुए अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने को गुरुवार को समझदारी भरा फैसला करार दिया। रोहित और कोहली की 14 महीने बाद भारत की टी20 टीम में वापसी हुई है। रैना ने कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी। रैना 'जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स18' में विशेषज्ञ हैं, उन्होंने कहा, 'अगर आप विश्व कप के अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्टेडियम को देखो तो विकेट थोड़ा पेचीदा होगा। भारत को वहां पर रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत होगी। कोहली टी20 क्रिकेट में 12,000 रन बनाने के करीब हैं।इसलिए इनकी मौजूदगी से भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी और भारत की टी20 विश्व कप में जीतने की संभावना भी निश्चित रूप से बेहतर होगी। वनडे विश्व कप में उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी और बतौर कप्तान रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का जज्बा मजबूत होता है।'रैना की राय में कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी जायसवाल की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम में युवा और निर्भीक क्रिकेटर जैसे जायसवाल, रिंकू सिंह या शुभमन गिल मौजूद हैं लेकिन रोहित और कोहली बल्लेबाजी इकाई को मजबूती देंगे।'

### रिंकू निर्भीक क्रिकेटर

भारत की 2007 और 2011 विश्व कप जीत में टीम का हिस्सा रहे रैना ने रिंकू की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'रिंकू को जो भी मौके मिले हैं, उसने उसमें काफी अच्छा किया है, उसने बतौर फिनिशर भी काफी सूझबूझ का परिचय दिया है। वह निर्भीक क्रिकेटर है। उसका रहना महत्वपूर्ण है और अगर ऋषभ पंत विश्व कप के लिए समय रहते फिट हो जाते हैं तो टीम के पास एक और मैच विजेता होगा।'रैना ने विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए संजू सैमसन को अपनी पहली पसंद बताते हुए उन्हें 'एक्स फैक्टर' करार दिया।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई–मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा – ब्लॉक टोहाना में परषोत्तम दास पार्क के पीछे आरओपी (01HRFTBTHN0001DANG006) हेतु अतिरिक्त आकलन + 4 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 22.4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फतेहाबाद | धारसुल खुर्द – गांव धारसुल खुर्द ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद जैडपी में बस स्टैंड में आयरन शैड का निर्माण + 21 कार्य। | 156.82 लाख | 156.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज हिसार | सारसोड (बरवाला) – गांव सारसोड ब्लॉक बरवाला में एक एकड़ सामुदायिक केन्द्र का निर्माण (स्कीम – एचजीवीवाई)। | 05.01.2024 25.01.2024 | 239.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज कैथल | गांव पबनावा में दयाल और भागा मोहोला में हॉल कमरे का निर्माण + 2 कार्य। | 10.01.2024 18.01.2024 | 124.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746247248 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 5 | पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा पंचकूला | पालतु पशु चिकित्सा केन्द्र, पंचकूला में कैमिस्ट शॉप पैट पार्लर को लीज पर देने हेतु। | 09.01.2024 30.01.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416218057 dg.ahd@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव निमली, ब्लॉक चरखी दादरी में दक्षिण फिरनी पर नाला का निर्माण + 10 कार्य। | 08.01.2024 16.01.2024 | 136.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज मुरथल, सोनीपत | गांव जैनपुर, ब्लॉक मुरथल में सामान्य चौपाल में हॉल का निर्माण + 14 कार्य। | 10.01.2024 17.01.2024 | 105.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | जैडपी तोशाम – गांव मिरान में शहीद एलटी धर्मबीर सिंह एकेडमी में हॉल कमरे का निर्माण, स्कीम जैडपी + 6 कार्य। | 09.01.2024 15.01.2024 | 87.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | गांव बलियाली ब्लॉक बी. खेड़ा में आदर्श तालाब (कमाना तालाब) को पूरा करना + 7 कार्य। | 09.01.2024 15.01.2024 | 80.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषाएं विभाग, हरियाणा | डिजिटल ऑफसैट प्रिंटर्स का पैनल तैयार करने हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह हेतु ई–निविदा। | 12.01.2024 01.02.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2566521 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2024/200/24132/I/88/6 दि. 11.01.24

चिंतन

# मजबूत हुए ब्रिटेन के साथ भारत के सामरिक संबंध

सरकार भारत और ब्रिटेन के संबंध लगातार मजबूती की ओर बढ़ रही है। ऋषि सुनक के पीएम बनने के बाद ही कूटनीतिक हलके में अनुमान लगाया जाने लगा कि दोनों देशों के बीच ट्रेड, सामरिक साझेदारी और ग्लोबल मुद्दों पर समन्वय बढ़ेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ब्रिटेन यात्रा का सामरिक महत्व काफी अधिक है। भारत के साथ दोस्ती दिखाते हुए ब्रिटेन हिंद महासागर में अपने युद्धपोत भेजकर तैनात करेगा। इससे चीन की टेंशन बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ब्रिटेन दौरे के दौरान इस बात पर सहमति बनी है। इसे ब्रिटेन-भारत के बीच सुदृढ़ होते रणनीतिक संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि लिटोरल रिस्पांस ग्रुप (एलआरजी) को इस साल तैनात किया जाएगा और कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीआरजी) की 2025 में संयुक्त भारत-ब्रिटेन प्रशिक्षण के लिए तैनाती होगी। सीआरजी की पहली तैनाती 2021 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हुई थी, जहां इसने भारतीय बलों के साथ संयुक्त अभ्यास किया था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नवीनतम तैनाती इस सप्ताह रक्षा मंत्री राजनाथ की पहली ब्रिटेन यात्रा के दौरान बढ़ी हुई साझेदारी को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'आने वाले वर्षों में ब्रिटेन और भारत अपनी-अपनी सेनाओं के बीच और अधिक जटिल अभ्यास शुरू करेंगे। इसके तहत, 2030 के अंत से पहले एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभ्यास करेंगे, जो महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों को बनाए रखने के साझा लक्ष्यों का समर्थन करेंगे।' यह भारत और ब्रिटेन के लिए वैश्विक मुद्दों पर एक साथ मिलकर काम करने एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में भारतीय मूल के व्यक्ति के उत्थान के साथ द्विपक्षीय संबंधों हेतु रोडमैप 2030 को लागू करने का एक अवसर है।.भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के परिप्रेक्ष्य में ब्रिटेन का दृष्टिकोण केवल भारत में वस्तुओं को बेचने के अवसर से, काफी आगे निकल गया है, और अब ब्रिटेन को भी ₹भारत से सीखना₹ चाहिए। भारत व ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के रोडमैप पर भी लंबे समय से वार्ता हो रही है। दोनों मुल्कों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते से आयात और निर्यात प्रवाह में वृद्धि, निवेश प्रवाह (बाहरी तथा आवक दोनों) में वृद्धि, संसाधनों के अधिक कुशल आवंटन के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा के लिये अधिक खुलेपन से आर्थिक विकास एवं समृद्धि में वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के लिए भारत के साथ एफटीए होना होना 'ग्लोबल ब्रिटेन'की उसकी महत्त्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देगा क्योंकि यूके 'ब्रेक्जिट' के बाद से यूरोप से परे भी अपने बाज़ारों के विस्तार की आवश्यकता तथा इच्छा रखता है। भारत-ब्रिटेन साझेदारी आज के वैश्विक हालात में बहुत महत्वपूर्ण है। ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक अभिकर्त्ता के रूप में वैश्विक मंच पर अपनी जगह सुदृढ़ करने के लिये हिंद-प्रशांत क्षेत्र की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अवसरों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के सहयोग के बिना संभव नहीं है। भारत के लिए हिंद प्रशांत में यूके एक क्षेत्रीय शक्ति है क्योंकि इसके पास ओमान, सिंगापुर, बहरीन, केन्या और ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र में नौसैनिक सुविधाएँ हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पहली ब्रिटेन यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में नई सामरिक व कूटनीतिक गर्मी आएगी।



युवा दिवस
शिव प्रकाश

# विवेकानंद के सपने हो रहे साकार

स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत काल की इस बेला में प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें।

कोलकाता के संभ्रांत परिवार विश्वनाथ दत्त एवं भुवनेश्वरी देवी के परिवार में 12 जनवरी 1863 को एक बालक का जन्म हुआ।भगवान शिव की तपस्या के बाद जन्मे इस बालक को बचपन में नाम मिला नरेंद्रनाथ दत्त। इस बालक को प्रेम से परिवार के सभी लोग नरेन के नाम से बुलाते थे। संन्यास दीक्षा के बाद नरेन स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। 11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) में आयोजित कार्यक्रम के ऐतिहासिक भाषण से यह संत संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गया। स्वामी जी का यह भाषण हिंदू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को विश्व भर में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सफल हुआ।

गुलामी के कालखंड में स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य किया। उनके इस प्रयास का परिणाम हुआ कि स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय सेनानियों की प्रेरणा के केंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने जीवन की एक घटना का उल्लेख किया, "मैंने स्वामी विवेकानंद से शक्ति देने के लिए कहा ताकि मैं अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सकूँ।" अस्पृश्यता निवारण, अशिक्षा को दूर करना, उद्योगों का विकास एवं महिला उत्थान जैसे अनेक विषयों पर उन्होंने भारत के विकास की नई दृष्टि दी,जो आज भी हमारे लिए प्रेरक मार्गदर्शन है। भोग-विलासिता एवं सांप्रदायिकता के संघर्ष में फंसे वैश्विक समुदाय को भी उन्होंने विश्व शांति का मार्ग दिखाया। स्वामी जी भक्ति के साथ भारत के आधुनिक विकास के अद्भुत संगम थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। अपने विद्यार्थी काल में ही नरेन्द्र मोदी रामकृष्ण मिशन (राजकोट) से जुड़ गए थे। राजकोट शाखा के तत्कालीन प्रमुख स्वामी आत्मस्थानंद जी से उन्होंने संन्यास दीक्षा की इच्छा भी व्यक्त की थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी ने ही उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। यह प्रेरणा ही प्रधानमंत्री मोदी के लिए गरीब कल्याण एवं स्वाभिमानी समृद्ध भारत गढ़ने की प्रेरणा बन गई। रामकृष्ण मिशन के साथ उनका संबंध आज भी जीवंत बना है।

स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" आत्महीनता का परिणाम यह हुआ कि हमको हमारे महापुरुष, इतिहास, ज्ञान, कला एवं संस्कृति सभी में दोष देखने की प्रवृत्ति एवं विदेशी नकल को आधुनिकता का पर्याय मान लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया। अमृतकाल की इस बेला में उन्होंने प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा इसी स्वाभिमान को जगाने के अनेक प्रयासों में से एक है।



स्वामी विवेकानंद शिक्षा द्वारा मनुष्य की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों के साथ-साथ स्वास्थ्य, राष्ट्र सेवा जैसे विषय शामिल हों। नई शिक्षा नीति के माध्यम से सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा एवं भारत को वैश्विक ज्ञानमहाशक्ति बनाने का संकल्प स्वामी जी के विचारों का शिक्षा में प्रकट रूप है।

स्वामी विवेकानंद जी गरीबों की पीड़ा को देखकर बहुत व्यथित थे। अमेरिका के वैभव से भारत की गरीबी की तुलना करते हुए वह रात्रि भर रोते रहे। इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा था कि अब हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि "दरिद्र देवो भव"। स्वामी जी ने भारत की उन्नति का घोषणा पत्र ही जैसे लिखा हो, उन्होंने कहा,"इस देश को उठने दो गरीबों की झोपड़ी से, मल्लाह की नौकाओं से, लोहार की भट्ठियों से, किसानों के खेत-खलिहानों से, मोचियों की झोपड़ी से, गिरिकन्दराओं से, यह देश तो वहीं बसता है।" प्रधानमंत्री मोदी ने इस घोषणा पत्र को साकार रूप देना प्रारंभ किया। समाज के अलग-अलग वर्ग के गरीबों की जरूरतों की पूर्ति के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की। स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला योजना, प्रत्येक गांव को विद्युत आपूर्ति के लिए उजाला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन आदि अनेक योजनाएं गरीब उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित हुई। 4 करोड़ से अधिक परिवार को आवास देना, 1 करोड़ 36 लाख युवाओं के लिए कौशल विकास विभाग रोजगार उपलब्धि का माध्यम बना। 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह अन्न पहुँचाना, गरीब की रोटी की समस्या का समाधान है। गरीब की रोटी के विषय पर स्वामी विवेकानंद ने कहा था "गरीब को पहले रोटी दो तब गीता सुनाओ, क्योंकि उसकी आवश्यकता रोटी है।"

समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हमारे छोटे–छोटे शिल्पकार हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री ने भारत का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा कहा है। इनमें बढ़ई, लोहार, सोनार, सुतार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, धोबी आदि श्रेणी के लोग आते हैं। ऐसे वर्ग के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से 30 लाख परिवारों को लगभग 1.5 करोड़ लोगों को सहायता मिलेगी। देश में ठेला लगाकर एवं रेहड़ी-पट्टी के माध्यम से बेचने वाले वेंडर जैसे लघु उद्योगों के माध्यम से जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराकर उनके घर में रोशनी पहुंचने का कार्य किया है। शिकागो धर्म सभा के अवसर पर स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण में शिव महिमा स्त्रोत से एक मंत्र को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा था -
रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिल नानापथजुषां।
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।
समस्त धर्मों में एक ही परमात्मा का दर्शन एवं सबका लक्ष्य एक ही गंतव्य है, यह भाव उन्होंने व्यक्त किया था। संपूर्ण विश्व में योग की प्रतिष्ठा, कोरोना में "जान भी जहान भी" के आधार पर विश्व को सहायता, जी-20 में "वसुधैव कुटुंबकम" का आदर्श वाक्य यह स्वामी विवेकानंद जी द्वारा प्रस्तुत विचारों का प्रकटीकरण है।

स्वामी विवेकानंद जी का यह आह्वान "उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको"को मोदी ने अपने जीवन का आदर्श मान लिया है। बिना रुके, बिना थके यह कर्मयोद्धा उत्तिष्ठत भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में लगा है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें। विवेकानंद को यही श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
आशीष वशिष्ठ



# मालदीव प्रकरण से समझिए बदलते भारत का चरित्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालिया लक्षद्वीप यात्रा में स्नॉर्कलिंग करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की थी कि रोमांच पसंद लोग पर्यटन के लिए देश में लक्षद्वीप आएं। जिसके बाद लाखों लोगों ने लक्षद्वीप को गूगल पर सर्च किया। जिसे मालदीव के नेताओं ने उनके पर्यटन के लिए चुनौती माना। अपरिपक्व राजनेताओं ने आनन-फानन में बेतुके बोल सोशल मीडिया पर शेयर करने शुरू कर दिए। ये काम एक ऐसे पड़ोसी देश की मंत्री और नेताओं की तरफ से किया गया, जिसका साथ भारत ने कई बार मुश्किल वक्त में दिया है। शायद यही वजह थी कि कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव और एक्सपलोर लक्षद्वीप ट्रेंड करने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन की यात्रा पर रवाना होने से पहले ही भारत और मोदी विरोधी टिप्पणी करने वाले तीन मंत्रियों की छुट्टी करते हुए विवाद को ठंडा करने का प्रयास किया किंतु तब तक उसे जो नुकसान होना था वह तो हो ही चुका था। भारत में जिस तेजी से मालदीव के बहिष्कार और लक्षद्वीप के प्रति उत्सुकता उत्पन्न हुई उसने मालदीव की अकड़ ढीली कर दी। वैसे भी प्रधानमंत्री जहां जाते हैं वहां की खूबियों का बखान करना नहीं भूलते। कुछ समय पहले वे उ.प्र के पिथौरागढ़ में स्थित आदि कैलाश गए थे जहां से तिब्बत स्थित कैलाश पर्वत नजर आता है। उनकी इस यात्रा के चित्र प्रसारित होते ही आदि कैलाश एक नए पर्यटन केंद्र के तौर पर प्रसिद्ध हो गया।

बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड होने के साथ ही मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों द्वारा यात्रा रद होने की खबरें आने लगीं। इसी के साथ ही लक्षद्वीप के प्रति जबरदस्त रुझान देखा जाने लगा। अनेक अभिनेताओं और प्रमुख हस्तियों द्वारा मालदीव की बजाय लक्षद्वीप को प्राथमिकता देने की अपील किए जाने से मुइज्जू सरकार सकते में आ गई। भारत सरकार ने भी उनके राजदूत को बुलाकर कड़े शब्दों में समझा दिया। सबसे बड़ी बात ये हुई कि मालदीव के भीतर ही नए राष्ट्रपति के भारत विरोधी रवैए की आलोचना शुरू हो गई।

हिन्द महासागर में स्थित द्वीपनुमा देश मालदीव की मुख्य आय पर्यटन है। यहां के समुद्र तट बेहद खूबसूरत हैं। चूंकि भारत से यह देश करीब है इसलिए यहां से प्रतिवर्ष लाखों सैलानी मालदीव घूमने जाते रहे हैं। अनेक भारतीय फिल्मों की शूटिंग भी यहां हो चुकी है। अपने चुनाव प्रचार में 'इंडिया आउट' का नारा देने वाले चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के नवंबर, 2023 में राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत और मालदीव के संबंधों पर सवाल उठे हैं, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर दोनों देश के बीच दोस्ताना संबंध रहे हैं। मालदीव के पूर्ववर्ती राष्ट्रपति मोहम्मद सोलिह खुलकर भारत के साथ थे। राष्ट्रपति मुइज्जू ने चुनाव जीतने के साथ ही वहां मौजूद भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग कर डाली। दरअसल, वहां कुछ ऐसे काम चल रहे हैं जिनके कारण भारतीय सेना के कुछ लोग मालदीव में हैं। हेलीकॉप्टर एवं कुछ अन्य उपकरणों के संचालन के लिए दोनों देशों में हुए समझौते के अंतर्गत वे सैनिक वहां पदस्थ हैं । हालांकि ये संख्या इतनी बड़ी नहीं कि उसके आंतरिक मामलों में दखल दे सके। मुस्लिम बहुल मालदीव के साथ भारत के रिश्ते काफी अच्छे रहे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मालदीव की स्थिरता, सक्रियता, लोकतंत्र और बुनियादी अर्थव्यवस्था सिर्फ भारत के कारण ही है। हर संकट में भारत ने मालदीव की मदद की है। दरअसल, विपक्षी नेता मौजूदा मालदीव सरकार को आईना दिखा रहे हैं कि मालदीव आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, पर्यटन व सामाजिक स्तर पर सदैव भारत पर आश्रित रहा है। यहां तक कि भारत ने कई बार मालदीव में लोकतंत्र की रक्षा की है। मालदीव ने पानी मांगा, तो भारत ने उसकी प्यास बुझाई। मालदीव को भूख लगी, तो खाना और अनाज मुहैया कराए गए, आर्थिक मदद ही नहीं की गई, बल्कि 2023-24 के बजट में 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, ताकि चालू परियोजनाएं जारी रह सकें। बागियों ने लोकतंत्र का अपहरण कर तख्तापलट करना चाहा, तो भारत ने सैन्य सहायता भेजकर मालदीव की सुरक्षा और स्थिरता तय की। मालदीव में 30 फीसदी डॉक्टर और 25 फीसदी शिक्षक 'भारतीय' हैं। वहां के 2200 से अधिक लोक सेवकों, नौकरशाहों, तकनीशियन, न्यायाधीशों, पुलिस अधिकारियों और सार्वजनिक प्रसारकों को भारत ने ही प्रशिक्षण देकर तैयार किया है। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान टीके की एक लाख से अधिक खुराकें भी भारत ने ही मुहैया कराईं। भारत नियमित तौर पर दवाइयां, फल और सब्जियों की आपूर्ति भी करता है, ताकि वहां खाद्य संकट न आए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *-स्वामी विवेकानंद*

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### पर्यटन का सरताज है हमारा देश

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देश के पर्यटक स्थल लक्षद्वीप की सुंदरता की प्रशंसा कर बहुत अच्छा काम किया। अगर इससे मालदीव के कुछ मंत्रियों को मिर्ची लगी और इस बौखलाहट में आकर हमारे देश के प्रति बेतुका बयानबाजी की, तो यह उनकी संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। मालदीव एशिया का सबसे छोटा देश है, जबकि हमारा देश एक बहुत बड़ा देश पर्यटन की दृष्टि से भी है। हमारे देश में पर्यटन स्थलों का भंडार है और यहां दुनिया के लगभग सभी देशों से सालभर पर्यटक आते रहते हैं। हमारे देश में प्रकृति की खूबसूरती के साथ-साथ यह देवभूमि भी है। मालदीव को यह भी याद रखना चाहिए कि सभी देश एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में जरूर निर्भर हैं, यह चाहे पर्यटन स्थलों के रूप में भी क्यों न हो।

*- रामचरण सोनी, भाटागांव*

## करंट अफेयर

### गाजा के सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले



इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। सेना ने पत्रकारों को सुरंग दिखाई। उन्हें नष्ट हुए मकानों और ध्वस्त सड़कों के मलबे के पास ले जाया गया था। टिन से बने एक झोपड़ीनुमा आवास के अहाते में सुरंग का प्रवेश द्वार ढंका था। एक अस्थायी सीढ़ी लगभग आठ फुट नीचे, संकरे भूमिगत रास्ते की ओर जाती थी। सुरंग का तापमान गर्म था और उसमें उमस थी जिसकी दीवारें कंक्रीट और बिजली के तारों से अटी पड़ी थीं। अंदर एक शौचालय था और सेना के अनुसार उसे वहां बंधकों के होने के निशान मिले हैं जिसमें उनके डीएनए भी शामिल हैं। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा, 'यहां इस सुरंग में बंधकों को रखा गया था।' हैगारी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि सुरंग में वास्तव में क्या मिला और न ही उन्होंने यह बताया कि बंधक वहां कब से थे या उन्होंने उनकी पहचान कैसे की। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि क्या वे मारे गए या जीवित हैं। बाद में मीडियाकर्मियों को दिए एक बयान में उन्होंने बिना कुछ विस्तार से बताए कहा कि बंधकों को 'कठिन परिस्थितियों' में रखा गया था।

## ऑफ बीट

### एयर कंडीशनिंग का सही उपयोग कैसे करें



इतने सारे लोगों के पास घर पर एयर कंडीशनिंग होने के बावजूद, कई लोग अभी भी अनिश्चित हैं कि इसका कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे किया जाए। और एयर कंडीशनिंग में बहुत अधिक ऊर्जा का उपयोग होता है। उदाहरण के लिए, एक औसत घर में पूरे दिन और रात सभी लाइटें चलाने पर उतनी ही ऊर्जा की खपत होती है, जितनी उसी घर में एक घंटा एयर कंडीशनर चलाने पर होती है। बहुत से लोग सोचते हैं कि कमरे को थोड़े समय के लिए ठंडा करने के लिए बहुत कम तापमान, जैसे कि 17°सेल्सियस, पर एयर कंडीशनिंग को चालू करके वे पैसे और ऊर्जा बचा सकते हैं – इसे बंद करने से पहले और बाद में दोबारा चलाने की जरूरत पड़ने तक ठंडी हवा का आनंद लें। लेकिन एक कमरे को बहुत ठंडे तापमान तक ले जाने के लिए बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। हमारा ध्यान एयर कंडीशनिंग यूनिट की ओर आकर्षित करते हुए, सबसे अधिक ऊर्जा कुशल क्रिया तापमान को उच्चतम मूल्य पर सेट करना है जो अभी भी आरामदायक है (दिन के दौरान 26 डिग्री सेल्सियस और सोते समय 22 डिग्री सेल्सियस की अक्सर सिफारिश की जाती है)।

## हरिभूमि ट्रेंड

### चादर भेंट की



मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमारी बातचीत के दौरान ही मैंने उन्हें पवित्र चादर भेंट की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान प्रतिष्ठित अजमेर शरीफ दरगाह पर रखा जाएगा।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### लड़ेंगे और जीतेंगे



कांग्रेस को सत्ता की पार्टी मानसिकता से हटकर सड़क पर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। राहुल गांधी की मेहनत को यदि हमने निराशावादी मानसिकता से समाप्त कर दिया तो हम उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। लड़ेंगे और जीतेंगे।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### मेहनत का सम्मान



रायबरेली के लक्ष्मण निषाद पिछले चार सालों से अपने तालाब के सिंघाड़े भेंट करने आते हैं तो वो दिन याद आता है जब उनके तालाब पर रूककर सिंघाड़े खाये थे। हर सबकी मेहनत का सम्मान करना चाहिए और अपने-अपने स्तर पर प्रोत्साहन भी।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### इतिहास में दर्ज



यह दुखद है कि रामजन्मस्थान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी विवादहीन नहीं रह सकी। इसके शास्त्रीय पक्षों पर भी हमारे चारों शंकराचार्य एक स्वर में नहीं बोल रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति महत्वपूर्ण है। इतिहास में दर्ज होगी।

-राहुल देव, पत्रकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## भाजपा ने पोस्टर जारी कर लिखा-पहचानिए सनातन विरोधी इंडी गठबंधन

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का न्योता ठुकराने के बाद दो धड़ों में बंटी कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता ठुकराने वाले विपक्षी दलों पर भाजपा ने निशाना साधा है। भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें प्रमुख विपक्षी नेताओं की तस्वीर है और लिखा है- पहचानिए राम मंदिर के न्योते को ठुकराने वाले चेहरे... सनातन विरोधी इंडी गठबंधन। इस पोस्टर में कांग्रेस की सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी, टीएमसी की ममता बनर्जी, सीपीआई (एम) के सीताराम येचुरी और समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव की तस्वीर है। दरअसल, कांग्रेस ने बुधवार को ही कार्यक्रम का न्योता ठुकराया था। अब तक कांग्रेस के अलावा इंडिया की 4 और पार्टियां सपा, टीएमसी, सीपीआई (एम) और शिवसेना (उद्धव गुट) प्राण प्रतिष्ठा में जाने से मना कर चुकी हैं। वहीं, कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रायपुर में कहा कि मंदिर जाना य न जाना आस्था का सवाल है। हम जनता के मुद्दों पर चर्चा करना चाहते हैं। राजनीति और धर्म को अलग-अलग रखना चाहिए। किसी को अच्छा या बुरा हिंदू होने का सर्टिफिकेट भाजपा नहीं देगी।

## सचिन पायलट का पलटवार, बोले-मंदिर जाना या न जाना आस्था का सवाल। किसी को अच्छा या बुरा हिंदू होने का सर्टिफिकेट भाजपा नहीं देगी

### कांग्रेसी नेताओं में असहमति

बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकराते हुए कांग्रेस ने ऐलान किया कि उनका कोई भी नेता प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होगा। कांग्रेस के इस फैसले पर पार्टी के



कई नेताओं ने असहमति जताई है। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राम किसी पार्टी के नहीं है। हमारी लड़ाई राम या अयोध्या से नहीं, बीजेपी से है। कुछ लोग कांग्रेस को वामपंथी रास्ते पर ले जा रहे हैं। मैं चाहता हूं कि कांग्रेस नेतृत्व को अयोध्या न जाने के फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उधर, गुजरात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया ने भी रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पार्टी के शामिल नहीं होने को गलत ठहराया है।

### कांग्रेस हिंदू विरोध : त्रिवेदी

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज जो कांग्रेस है, वो नेहरू की कांग्रेस है, गांधी की नहीं। गांधी जी ने रामराज्य की बात कही। उनका प्रिय भजन था- रघुपति राघव



राजा राम। उनकी समाधि पर लिखा है- हे राम। कांग्रेस ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न होने से साफ कर दिया है कि वह नेहरू की कांग्रेस है। कांग्रेस का हिंदू धर्म को लेकर विरोध सामने आ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपनी ''ईर्ष्या, द्वेष और हीन भावना'' के कारण कांग्रेस देश का विरोध करने की हद तक चली गई है और अब भगवान का भी विरोध कर रही है। कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराया क्योंकि वह हिंदू धर्म की विरोधी है।

### आडवाणी होंगे शामिल

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाजपा के सीनियर नेता लालकृष्ण आडवाणी भी शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विश्व हिंदू



परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने इसकी जानकारी दी है। इससे पहले खबरें आ रही थीं कि आडवाणी की तबीयत खराब रहती है, इसलिए वे कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने 19 दिसंबर को लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का न्योता दिया था। आडवाणी और जोशी ने कहा है कि वे समारोह में आने का पूरी कोशिश करेंगे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 : राष्ट्रपति और केंद्रीय मंत्री ने बांटे पुरस्कार

# इंदौर-सूरत सबसे स्वच्छ शहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रिजल्ट जारी किया। एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में सातवीं बार इंदौर पहले स्थान पर रहा। सूरत को भी इंदौर के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला। महाराष्ट्र का नवी मुंबई तीसरे, आंध्र प्रदेश का विशाखापट्टनम चौथे और मध्य प्रदेश का भोपाल पांचवें नंबर पर रहा। वहीं एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में महाराष्ट्र का सासवड पहले, छत्तीसगढ़ का पाटन दूसरे और महाराष्ट्र का लोनावाला तीसरे स्थान पर रहा। देश के स्वच्छ राज्यों की कैटेगरी में इस बार महाराष्ट्र को पहला, मध्य प्रदेश को दूसरा और छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान मिला। पिछली बार मध्य प्रदेश पहले स्थान पर था। गंगा किनारे बसे सबसे साफ शहरों में वाराणसी पहले और प्रयागराज दूसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा मध्य प्रदेश के महू को सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड का अवॉर्ड मिला है। बेस्ट सफाई मित्र सुरक्षित शहर का अवॉर्ड चंडीगढ़ को दिया गया।

### 2022 के सर्वे में मध्य प्रदेश सबसे साफ राज्य था

2022 में राजस्थान-महाराष्ट्र को पछाड़ कर मध्य प्रदेश देश का सबसे स्वच्छ राज्य बन गया था। 100 से अधिक शहरों वाले राज्य में मध्य प्रदेश नंबर-1 पर आया था। वहीं, इंदौर ने सफाई का सिक्सर लगाया था। भोपाल भी सातवें से छठवें रैंकिंग पर आ गया था। 2017 और 2018 में भोपाल देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर था। वर्ष 2016 में सिर्फ 73 शहर थे। तब भी इंदौर नंबर-1 पर रहा था। अब 4355 शहर इस दौड़ में शामिल थे। फिर भी इंदौर ने नंबर-1 का तमगा हासिल किया। इंदौर वर्ष 2017 से ही देशभर में नंबर-1 पर आ रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण-2020 में मध्यप्रदेश को कुल 27 सम्मान मिले थे। इसमें 18 शहर स्टार रेटिंग और 9 शहर स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए थे। वहीं, 2021 के सर्वेक्षण में कुल 35 अवॉर्ड मिले थे।




**इंदौर, सूरत और नवी मुंबई को गार्बेज फ्री सिटी सेगमेंट में मिले 7 स्टार**

### दुनिया का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण

भारत का स्वच्छता सर्वेक्षण दुनिया का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण है। शहरों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए 2016 में इसकी शुरुआत की गई थी। तब इसमें सिर्फ 73 प्रमुख शहरों को शामिल किया गया था। 2023 में 4500 से ज्यादा शहरों को लिस्ट में रखा गया था। इस बार सर्वे की थीम वेस्ट टू वेल्थ रखी गई थी। एक जुलाई से 3 हजार कर्मचारियों को इन शहरों में स्वच्छता का मूल्यांकन करने का काम सौंपा गया था। शहरों का आंकलन 46 पैरामीटर पर किया गया। इसमें करीब 12 करोड़ नागरिकों से फीडबैक लेने का लक्ष्य था।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वन नेशन वन इलेक्शन से जताई असहमति



- कहा, यह भारत के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ
- 1952 में इसकी शुरुआत हुई, लेकिन बाद में यह प्रक्रिया टूट गई

**नई दिल्ली (भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा पर असहमति जताते हुए बृहस्पतिवार को 'एक देश, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा कि यह भारत के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा। समिति के सचिव को लिखे पत्र में ममता ने कहा कि 1952 में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ पहली बार आम चुनाव कराए गए थे। उन्होंने कहा, ''कुछ वर्षों तक इस तरह से चला लेकिन बाद में यह प्रक्रिया टूट गई।' उन्होंने पत्र में लिखा, ''मुझे खेद है कि मैं आपके द्वारा तैयार 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा से सहमत नहीं हूं। हम आपके प्रारूप और प्रस्ताव से असहमत हैं।'' उन्होंने कहा कि समिति के साथ सहमत होने को लेकर कुछ वैचारिक कठिनाइयां हैं और इसकी अवधारणा स्पष्ट नहीं है।

### ईडी के सामने पेश नहीं हुए फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। जांच एजेंसी ने फारूक को गुरुवार को श्रीनगर में पूछताछ के लिए बुलाया था। ईडी ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) के फंड में अनियमितताओं को लेकर यह कार्रवाई की है। ईडी और सीबीआई दोनों इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने इस मामले में साल 2022 में चार्जशीट दायर की थी। फारूक से इस मामले में पहले भी पूछताछ हो चुकी है।

### कांग्रेस ने पाप धोने का मौका गंवाया : सरमा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि कांग्रेस ने राम मंदिर के उद्घाटन का न्योता ठुकराकर अपने पाप धोने का सुनहरा मौका गंवा दिया है। उन्होंने कहा कि आज तक कांग्रेस ने हिंदू धर्म और हिंदुस्तानी सभ्यता के खिलाफ जितने पाप किए हैं, उनमें से कुछ पाप मिटाने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने उन्हें मौका दिया था, लेकिन कांग्रेस इसका लाभ नहीं उठा सकी। सरमा ने कहा कि कांग्रेस ने आज जो किया है, उस परंपरा को पंडित नेहरू ने शुरू किया था। 72 साल पहले पंडित नेहरू ने सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया था।

### कर्नाटक की झांकी को अनुमति न मिलना प्रतिशोध की राजनीति : कांग्रेस

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा कर्नाटक की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल करने की अनुमति इसलिए नहीं दी गई, क्योंकि मई 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में मिली हार को भाजपा तथा मोदी भूल नहीं पाए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह ''प्रतिशोध का मोदी मंत्र'' है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''यह प्रतिशोध का मोदी मंत्र है। मई 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनावों में उन्हें व्यक्तिगत रूप से और उनकी पार्टी को मिली करारी हार को उन्होंने भुलाया नहीं है। कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा था कि केंद्र सरकार ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में राज्य की झांकी को मौका नहीं देकर सात करोड़ कन्नड़ भाषियों का अपमान किया है।


### जेपी नड्डा ने कांग्रेस की यात्रा को 'भारत तोड़ो अन्याय यात्रा' करार दिया

**ईटानगर (भाषा)।** भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कांग्रेस की प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को 'भारत तोड़ो अन्याय यात्रा' करार दिया और देश को एकजुट करने में कांग्रेस की भूमिका पर भी सवाल उठाया। नड्डा ने यहां राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''कांग्रेस अपनी ''फूट डालो और राज करो'' की राजनीति के लिए जानी जाती है और उसने देश को ''बांटने'' के लिए सब कुछ किया और अब अपने गलत कृत्यों को छिपाने के लिए एक यात्रा आयोजित कर रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल से शुरू होगी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। रुणाचल प्रदेश में यात्रा का चरण 20 जनवरी को निर्धारित है।

### 500 वर्षों के संघर्ष, धैर्य और प्रतीक्षा के बाद बन रहा दिव्य और भव्य राम मंदिर : अनुराग ठाकुर



**मुंबई।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दक्षिण मुंबई में विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी को झंडी दिखा कर उपस्थित गणमान्यों के साथ विकसित भारत निर्माण में भागीदारी के संकल्प को दोहराया। अनुराग ठाकुर ने कहा, ये यात्रा विश्वास और संकल्प करा रही है कि विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2047 से पहले भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। मोदी जी की गारंटी की गाड़ी 2 लाख 69 हजार पंचायतों में जाकर लोगों को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ सुनिश्चित कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा, कांग्रेस ने सदैव सनातन को कुचलना की बात की है। इन्होंने जब-जब भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए तो जनता ने इनके ही अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर दिया। मैं इतना आवश्यक कहूंगा कि 500 वर्षों के संघर्ष, धैर्य और प्रतीक्षा के बाद दिव्य और भव्य राम मंदिर बन रहा है तो उसमें आमंत्रित होना सौभाग्य की बात है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

स्वच्छ रहें, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं
कब्ज • गैस • एसिडिटी
मात्र ₹5* में
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
यह तो सभी जानते हैं कि 'पेट सफा' के उत्पादों ने पूरे भारत में धूम मचा रखी है और यह अपनी श्रेणी में सर्वाधिक लोकप्रिय ब्रांड है, परंतु फिर भी यदि आप अभी तक अपनी उपरोक्त समस्याओं के लिए किसी अन्य प्रोडक्ट का सहारा लेते हैं तो पेट सफा आपके लिए प्रस्तुत करता है, एक स्पैशल ट्रायल पाउच, आप बस इसे एक बार प्रयोग कीजिए, हमारा वादा है कि फिर आप भी इसके दीवाने हो जाएंगे।




*4g एक बार में फ्रैश हो जाएं
SELECTED NO.1 BRAND INDIA 2016
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
Dr. Juneja's पेट सफा ®
Natural Laxative Granules & Tablets


## पूर्वी लद्दाख विवाद पर बोले सेना प्रमुख मनोज पांडे

# अब उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर, लेकिन संवेदनशील

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति 'स्थिर' लेकिन 'संवेदनशील' है और भारतीय सैनिक किसी भी अकस्मात स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए अभियानगत तैयारियों को बहुत उच्च स्तर पर रखे हुए हैं। सेना दिवस से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जनरल पांडे ने यह भी कहा कि भारत और चीन 2020 के मध्य से पूर्व की स्थिति में लौटने के लक्ष्य से सैन्य व राजनयिक स्तर की वार्ताएं जारी रखे हुए है। उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर लेकिन संवेदनशील हैं। हम शेष मुद्दों का समाधान तलाशने के लिए स्थापित प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं के अनुसार सैन्य और राजनयिक दोनों स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं।" सेना दिवस 15 जनवरी को मनाया जाता है। हमारी अभियानगत तैयारियां उच्च स्तर की हैं। सैनिकों की तैनाती मजबूत और संतुलित है।"





भारत-म्यांमा सीमा पर स्थिति चिंता का विषय

■ अग्निवीरों को सेना में शामिल किए जाने की प्रक्रिया अच्छी तरह से आगे बढ़ रही

### हम नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिशें नाकाम कर रहे

जम्मू कश्मीर के हालात पर जनरल पांडे ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश की कई घटनाएं हुई हैं इसके बावजूद नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम कायम है। उन्होंने कहा कि हम नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिशें नाकाम कर रहे हैं। जनरल पांडे ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हिंसा की घटनाओं में कमी आई है, लेकिन राजौरी-पुंछ सेक्टर में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ी हैं। जम्मू-कश्मीर के राजौरी और पुंछ में आतंकवादी गतिविधियों पर सेना प्रमुख ने कहा, यह वो क्षेत्र है जहां हमारा विरोधी आतंकवाद को बढ़ावा देने में सक्रिय है। अग्निवीरों को सेना में शामिल किए जाने की प्रक्रिया अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। भूटान और चीन के अपने सीमा विवाद का शीघ्र समाधान करने पर गौर करने के बीच जनरल मनोज पांडे ने कहा कि घटनाक्रम पर करीबी नजर रखी जा रही है।

### म्यामां के 416 सैन्यकर्मी घुस आए थे, कड़ी निगरानी रखी जा रही

जनरल पांडे ने भारत-म्यामां सीमा के पास की स्थिति को "चिंताजनक" बताया और कहा कि कुछ विद्रोही समूह उस देश के सीमांत क्षेत्र में दबाव महसूस कर रहे हैं और मणिपुर में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत-म्यामां सीमा पर स्थिति पर हम करीबी नजर रख रहे हैं। म्यामां के सभी 416 सैन्य कर्मियों को वापस भेजा जा चुका है। कथित तौर पर जुंटा (सैन्य सरकार) विरोधी समूहों ने भारत के साथ म्यामां की सीमा के पास कई प्रमुख शहरों, सैन्य ठिकानों पर नियंत्रण कर लिया है और अस्थिर स्थिति ने म्यामां के कई नागरिकों को मिजोरम में शरण लेने के लिए मजबूर किया है।

## एफटीए पर जारी बातचीत को जल्द निष्कर्ष पर पहुंचाया जाएगा: सिंह

**लंदन (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ गर्मजोशी भरी बैठक कर और एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने के बाद यहां की अपनी यात्रा बृहस्पतिवार को संपन्न की। सिंह ने यहां प्रधानमंत्री आवास सह कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' में बुधवार को सुनक से मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और आर्थिक संबंधों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

■ राजनाथ ने ब्रिटेन की अपनी यात्रा संपन्न की

■ पीएम सुनक को राम दरबार की मूर्ति भी भेंट की

सिंह ने बैठक के दौरान, ब्रिटेन के प्रथम हिंदू प्रधानमंत्री सुनक को राम दरबार की एक मूर्ति भी भेंट की। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ लंदन में गर्मजोशी भरी बैठक हुई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सुनक ब्रिटेन और भारत के तालमेल के साथ काम



करने की जरूरत पर राजनाथ से सहमत हुए और उम्मीद जताई कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर जारी बातचीत को जल्द ही सफलतापूर्वक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाएगा। भारत और ब्रिटेन एफटीए के लिए अभी 14वें दौर की वार्ता कर रहे हैं। इस समझौते का लक्ष्य 36 अरब ब्रिटिश पौंड की द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुझे उनके साथ कई मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिला। हमने रक्षा, आर्थिक सहयोग के मुद्दों तथा भारत और ब्रिटेन द्वारा शांतिपूर्ण व स्थिर वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था बना सकने के तरीकों पर चर्चा की।''

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके रिक्टर स्केल पर 6.1 रही तीव्रता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार दोपहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके का अहसास होते ही लोग घरों से बाहर के लिए दौड़े। ऑफिसों में काम कर रहे लोग भी कामकाज छोड़कर इमारतों से बाहर आ गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 रही। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर था। कहीं से भी जान-माल की हानि की सूचना नहीं है। भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर समेत जम्मू-कश्मीर के पूंछ इलाके में भी महसूस हुए। क्यों आता है भूकंप?: पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह दिल्ली-एनसीआर में जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है।

### यूएस ने किया निखिल गुप्ता पर लगे आरोपों की जानकारी देने से इनकार

**न्यूयॉर्क (अमेरिका) (भाषा)।** अमेरिकी सरकार ने एक खालिस्तानी चरमपंथी की हत्या की नाकाम साजिश के आरोप में चेक गणराज्य की जेल में बंद भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को बचाव सामग्री प्रदान करने को लेकर आपत्ति जताई है और कहा है कि वह न्यूयॉर्क की अदालत में पेशी और मामले में अभियोग के बाद ही जानकारी प्रदान करेगी। गुप्ता (52) पर संघीय अभियोजकों ने पिछले साल नवंबर में एक अभियोग में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका की जमीन पर मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया था।

### गाजा में भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत: इजराइल

**खान यूनिस (गाजा पट्टी) (एजेंसी)।** इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। सेना ने पत्रकारों को सुरंग दिखाई। उन्हें नष्ट हुए मकानों और ध्वस्त सड़कों के मलबे के पास ले जाया गया था। टिन से बने एक झोपड़ीनुमा आवास के अहाते में सुरंग का प्रवेश द्वार ढंका था। वहीं गाजा में इजराइल के नरसंहार करने के आरोपों की अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दो दिवसीय सुनवाई शुरू हो गई।



### यूक्रेन ने रूस के साथ संघर्ष विराम से किया इनकार

**तािल्लन (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को रूस के साथ जारी युद्ध में संघर्ष विराम की संभावना से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि रूस संघर्ष विराम का इस्तेमाल यूक्रेन के सैनिकों के खिलाफ हथियारों को कमी को पूरा करने और सेना को फिर से संगठित करने में करेगा। एस्टोनिया की यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी युद्धक्षेत्र में हमलों पर विराम का मतलब युद्ध विराम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम रूस को फायदा पहुंचाएगा। जेंलेंस्की बाल्टिक देशों के दो दिवसीय दौरे के हिस्से के रूप में एस्टोनिया की राजधानी तािल्लन पहुंचे थे।

### कृष्ण जन्मभूमि: हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना, निर्णय रखा सुरक्षित

**प्रयागराज (भाषा)।** मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए अधिवक्ता आयोग के गठन और सर्वेक्षण के तौर तरीकों के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को संबद्ध पक्षों को सुना। इस बाबत अदालत बाद में अपना निर्णय सुनाएगी। बृहस्पतिवार को जैसे ही मामले में सुनवाई शुरू हुई, मुस्लिम पक्ष की ओर से दो आधार पर सुनवाई टालने की प्रार्थना की गई।






*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।
डाउन पेमेंट 5999* | न्यूनतम ब्याज दर @ 9.99%* | 100 पे 100* | बिना हाइपोथिकेशन* | 10% कैशबैक ₹5000* तक
डीलर की जानकारी के लिए 7230032200 पर WhatsApp या मिस्ड कॉल करें या QR Code को स्कैन करें
1. इयरफ़ोन कनेक्ट करें 2. QR Code स्कैन करें 3. वीडियो का आनंद लें
CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers BOOK NOW
Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com
Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT: Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; AMBALA CITY: S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; NARAINGARH: SD Honda - 8708886452; BARARA: Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; SAHA: Milan Honda - 08222000203, JAGADHARI: Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; BILASPUR: Bakshi Honda - 9934390054; BALLABGARH: Kabir Honda - 9312655454; GAUNCHI: Kabir Honda - 9599396896; BHIWANI: MRM Honda - 9992888908, 9992888910; CHARKHI DADRI: MRM Honda - 9992888914, 9992888908; BAWANI KHERA: ASR Honda - 7056710107; BADHRA: SS Honda - 9991940444; TOHANA: Bharat Honda - 9728435800; FARIDABAD: Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; GREATER FARIDABAD: Pick up Honda - 9873820000; FATEHABAD: Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; RATIA: Avni Honda - 9466410724, 8168871488; GURUGRAM: Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; BADSHAHPUR GURUGRAM: 9773548811; KHANDSA ROAD GURUGRAM: Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; PALAM VIHAR GURUGRAM: Ganpati Honda - 9910894234; GURUGRAM RAILWAY ROAD: Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; SEC- 52 GURUGRAM: Yume Honda - 8130364222, 9266668820; MANESAR: Ganpati Honda - 9910894239; PATAUDI: Yume Honda - 8222840011; SOHNA: Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; HISSAR: Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; HANSI: Malik Autos Honda - 8572888818; BARWALA: Malik Autos Honda - 8572888814; ADAMPUR: Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; JHAJJAR: Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; BAHADURGARH: Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; JIND: S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; NARWANA: Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; KAITHAL: Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; CHEEKA: Kaithal Honda - 9813974232; PUNDRI: Lakhan Pal Honda - 9416847289; KARNAL: Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; ASSANDH: Raman Honda (Assandh) - 9896678058; GHARAUNDHA: Esskay Honda - 9812136979; NISSING: Royal Honda - 8930929000; INDRI: Kalra Honda - 9996909466; KURUKSHETRA: Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; LADWA: Deepak Honda - 9812077382; PEHOWA: Chirag Honda - 9812666668; SHAHBAD: Basant Honda - 9416155053; MAHENDERGARH: White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; NARNAUL: BRS Honda - 8607862777,9050109779; ATELI: Shiva Honda - 8053782800; KANINA: Suraj Honda - 9466082883; PALWAL: Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; HODAL: Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; PANIPAT: L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; MADLOUDA: Puneet Honda - 8813050100; MODEL TOWN (Panipat): L.K. Honda - 8059900603; SAMALKHA: L.K. Honda - 8059900602; PANCHKULA: Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; BARWALA PANCHKULA: Aviate Honda - 8199994719; PINJORE: Sukhija Honda - 8950222250; REWARI: Shree Honda - 9215059220; BAWAL: Avtar Honda - 9729130036; DHARUHERA: Shree Honda - 8689065800; KOSLI: Dev Honda - 9996772999; ROHTAK: Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; KALANAUR: Kamakshi Honda - 9034655187; SAMPLA: Rama Honda - 8684840808, 8684840505; MAHAM: RS Honda - 9218092190; SIRSA: Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; ELLENABAD: R S Honda - 9053442078, 9729542078; DABWALI: Decent Honda - 9996688044, 9215720991; SONEPAT: Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT): Triumph Honda - 9254015901; GANNAUR: Triumph Honda - 9254015908; GOHANA: Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; KHARKHODA: Ashirwad Honda - 9017190979; KUNDLI: Triumph Honda - 9254015904; BAHALGARH: Triumph Honda - 9034015921; YAMUNANAGAR: Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; ITI CHOWK: Sai Honda - 9215593704; RADAUR: Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; SADHOURA: Shree Ganpati Honda - 8901286307; CHANDIGARH: Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; PANCHKULA: Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; BARWALA: Aviate Honda - 8199994719; DERABASSI: Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; MANIMAZRA: Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; PINJORE: Sukhija Honda - 8950222250; ZIRAKPUR: Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; MOHALI: Batra Honda - 7087215231, 7087215237; BULLOWAL: Bedi Honda - 8283000673.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com